



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 340

ग्वालियर, मंगलवार 30 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## संक्षिप्त समाचार

### फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन के समर्थन में उतरी हिलेरी क्लिंटन

**वाशिंगटन।** फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन के पार्टी वीडियो के लीक होने के बाद मचे बवाल के बीच पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार और विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने अपनी फोटो पोस्ट कर मारिन का समर्थन किया है। इसमें हिलेरी विदेश मंत्री रहते हुए कोलंबिया के अपने दौरे में एक क्लब में डांस करते हुए नजर आ रही हैं। हिलेरी ने ट्वीट करके कहा, 'कीप डांसिंग। हिलेरी क्लिंटन की पोस्ट में 2012 की कोलंबिया यात्रा के दौरान एक भीड़ भरे क्लब में चेहरे पर एक बड़ी सी मुस्कान के साथ नाचते हुए खुद की एक तस्वीर शामिल थी। जबकि उस समय हिलेरी अमेरिका की विदेश मंत्री थीं। उन्होंने कहा कि नाचते रहो, सना मारिन। फिनलैंड की पीएम सना मारिन ने तुरंत जवाब देकर कहा, 'धन्यवाद हिलेरी क्लिंटन' और एक दिल की इमोजी के साथ वापस ट्वीट किया। गौरतलब है कि हाल ही में लीक हुए वीडियो में फिनलैंड की पीएम मारिन को अपने दोस्तों और मशहूर हस्तियों के एक ग्रुप के साथ नाचते और पार्टी करते हुए दिखाया गया है। इसके बाद आलोचकों ने कहा कि यह एक प्रधानमंत्री के लिए सही व्यवहार नहीं है। जबकि अब हिलेरी क्लिंटन सहित अन्य लोगों ने 36 वर्षीय राजनेता सना मारिन के अपने दोस्तों के साथ निजी तौर पर आनंद लेने के अधिकार का बचाव किया है।

### अमेरिकी ड्रोन पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से अफगानिस्तान में प्रवेश कर रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में अमेरिकी ड्रोन हमलों के लिए उसके हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने के तालिबानी अंतरिम रक्षा मंत्री के आरोप को खारिज कर उनकी टिप्पणी को बेहद खेदजनक करार दिया है। पाकिस्तान ने कहा कि यह टिप्पणी जिम्मेदार राजनयिक आचरण के मानदंडों का उल्लंघन है। अल-कायदा के सरगना आयमान अल-जवाहिरी को 31 जुलाई को मध्य काबुल में अमेरिकी ड्रोन से दागी गई मिसाइल से मार गिराने के लगभग एक महीने बाद अफगानिस्तान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब ने पाकिस्तान पर यह आरोप लगाए थे। पिछले साल 31 अगस्त को युद्धग्रस्त देश से अपनी सेना वापस बुलाए जाने के बाद अफगानिस्तान में यह अमेरिका का पहला ज्ञात हमला था। याकूब ने कहा कि अमेरिकी ड्रोन पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से अफगानिस्तान में प्रवेश कर रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार अहमद ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री के अमेरिकी ड्रोन हमले में पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र के उपयोग के आरोप को गंभीरता से लिया है।

### मुकेश अंबानी ने बेटी को दी बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने सोमवार को 45वीं एनुअल जनरल मीटिंग में अपनी बेटी ईशा का परिचय ग्रुप के रिटेल बिजनेस के मुखिया के तौर पर कराया। इसके साथ ही, उनकी उत्तराधिकार योजना के पुख्ता संकेत मिल गए हैं। इसके पहले, मुकेश अंबानी बेटे आकाश को ग्रुप की टेलिकॉम इकाई रिलायंस जियो का चेयरमैन नॉमिनेट कर चुके हैं। 45वीं सालाना आम सभा में मुकेश अंबानी ने ईशा का परिचय खुदरा कारोबार के अगुवा के तौर पर कराया। उन्होंने ईशा अंबानी को खुदरा कारोबार के बारे में बोलने के लिए बुलाते वक्त उन्हें इसका मुखिया बताया। ईशा ने वॉट्सऐप का इस्तेमाल करके ऑनलाइन किराना ऑर्डर करने और ऑनलाइन भुगतान करने से जुड़ा एक प्रेजेंटेशन भी दिया। 65 वर्षीय मुकेश अंबानी की तीन संतानें हैं। ईशा और आकाश दोनों जुड़वां भाई-बहन हैं, जबकि अनंत सबसे छोटे हैं। ईशा की शादी पीरामल समूह के आनंद पीरामल से हुई है। रिलायंस ग्रुप के मुख्यतः तीन कारोबार हैं, जो कि ऑयल रिफाइनिंग एंड पेट्रो-केमिकल्स, रिटेल बिजनेस और डिजिटल बिजनेस (दूरसंचार शामिल) हैं। इनमें से रिटेल और डिजिटल बिजनेस पूर्ण मालिकाना हक वाली इकाइयों के अधीन हैं। वहीं तेल-से-रसायन या ओ2सी कारोबार रिलायंस के तहत आता है।

### चीन के जासूसी जहाज से नाराज भारत का, श्रीलंका को सॉफ्ट संदेश !


**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट की मार झेल रहे श्रीलंका ने भारत की चिंताओं को दरकिनार कर चीन के जासूसी जहाज को अपने यहां रुकने की अनुमति दे दी है। भारत ने श्रीलंका को ऐसा करने से मना किया था लेकिन उसने एक भी नहीं सुनी। अब चीनी जासूसी जहाज को श्रीलंका की तरफ से अनुमति मिलने के बाद भारत की तरफ से श्रीलंका को संदेश देने की शुरुआत हो गई है। भारत सख्त टिप्पणी और कार्रवाई के जरिए नहीं बल्कि सॉफ्ट अंदाज में कूटनीतिक तरीके से श्रीलंका को संदेश देना शुरू कर दिया है। भारत ने श्रीलंका में सुरक्षा की वजह से भारतीय पर्यटकों को यात्रा करने से पहले और यात्रा के दौरान सुरक्षा और बाकी चीजों से जुड़े पूरी एहतियात बरतने की सलाह दे दी है। बुरी तरह से आर्थिक संकट से जूझ रहा पड़ोसी देश पर्यटन के जरिए भी चरमराई अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहा है।

## दूसरे धर्म की लड़की होती तो राहुल गांधी करते पॉलिटिकल पिकनिक: गिरिराज



**रांची।** झारखंड के दुमका में अंकिता की हत्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हेमंत सोरेन सरकार पर हमलावर है। भाजपा के सांसद और वरिष्ठ नेता निशिकांत दुबे ने यहां तक कहा है कि झारखंड में अफगानिस्तान से भी ज्यादा आराजकता है। केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार के साथ कांग्रेस पर भी सवाल उठाया और कहा कि यदि अंकिता दूसरे धर्म की होती और आरोपी किसी का धर्म कुछ और होता राहुल गांधी पॉलिटिकल पिकनिक कर रहे होते। निशिकांत दुबे ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा, %%इतनी हैवानियत, ऐसा शैतान दिमाग मैंने अपने जीवन में नहीं देखा। एक लड़की को जबरदस्ती दोस्ती करने के लिए बाध्य करता है, जब लड़की दबाव में नहीं आती है तो उसे पेट्रोल छिड़कर जला देना, इसके बाद जो सरकार का रुख है वह अत्यंत दुखद है। सरकार और प्रशासन होती क्यों है, जब हम एक मासूम बच्ची की जान नहीं बचा पाते हैं। एक दिन में यह घटना नहीं होती है। इतना मनोबल यदि अपराधियों का बढ़ा हुआ हो तो कभी कभी लगता है कि लोकतंत्र का क्या मतलब है, सांसद होने का क्या मतलब है, पार्टी पॉलिटिक्स का क्या मतलब है। ऐसी आराजकता तो झारखंड में भी नहीं होगी। अंकिता हत्याकांड में पक्षपात करने के आरोपों से घिरे एसडीपीओ नूर मुस्तफा को लेकर दुबे ने कहा कि उनपर कई आरोप हैं। आदिवासी पर जुल्म करने के आरोपी जुल्फिकार नाम के आदमी को बचाने का प्रयास किया। शाहरुख को बचाने का प्रयास किया। लड़की बालिग है उसे नाबालिग ठहराने की कोशिश की, आरोपी बालिग है उसे नाबालिग बताने की कोशिश की। कई ऐसी चीजें हैं जो दिखाती हैं कि नूर मुस्तफा मुख्य दोषी है। सरकार ने इसे डिसमिस नहीं किया है, कोई और सरकार होती तो डिसमस करती। स्थानीय थाने को भी डिसमिस नहीं किया गया है। निशिकांत ने कहा कि जब लड़की को जला दिया गया तो उसकी इलाज के लिए उन्होंने समुचित व्यवस्था सरकार ने नहीं की। कलकत्ता से बस मंगवाकर डैम में ये लोग मटन भात खाते रहे। हेमंत सोरेन की मां बीमार पड़ीं तो उन्हें एयर एंबुलेंस से चार्टर प्लेन ले जाया गया। जिस दुमका से शिबू सोरेन एमपी रहे, आप उस बच्ची के लिए चार्टर प्लेन, हेलिकॉप्टर की की व्यवस्था नहीं कर सकते थे?

## गुलाम नबी आजाद की दो टूक भाजपा में नहीं होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से मुक्त हो गए और उसके बाद उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर चर्चाएं गर्म हैं ऐसे में उन्होंने एक बार फिर साफ कर दिया कि वे भाजपा में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि उनकी बीजेपी में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि वे अपनी खुद की पार्टी का गठन करेंगे और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में उतरेंगे। एक मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस नेताओं द्वारा बीजेपी से गठबंधन के कयासों को गुलाम नबी आजाद ने मूर्खतापूर्ण विचार बताया। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि एक कश्मीरी भाजपा में कैसे शामिल हो सकता है? उन्होंने कहा, मुझे ऐसे कयासों से घृणा है। कांग्रेस को लेकर उन्होंने कहा, मैं अपने कॉलेज के दिनों से इस पार्टी का हिस्सा रहा हूं। मैं कभी बीजेपी में शामिल नहीं होऊंगा। मैं कश्मीर चुनाव के लिए अपनी पार्टी बनाऊंगा। उन्होंने कांग्रेस के नए नेताओं को चापलूस करार देते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि आजाद ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का अनुभव राहुल गांधी के लिए कोई मायने नहीं रखता। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी को भारत जोड़ो के बजाय कांग्रेस जोड़ो अभियान शुरू करना चाहिए। कांग्रेस को 19 अक्टूबर को एक नया अध्यक्ष मिलेगा। हालांकि, गुलाम नबी आजाद ने कहा कि नया अध्यक्ष केवल गांधी परिवार की कठपुतली होगा। गुलाम नबी आजाद ने पिछले दिनों कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे गए इस्तीफे में आजाद ने राहुल गांधी पर निशाना साधा था।

### तोडुपुझा के पास कांजर गांव में देर रात

# भारी बारिश के कारण भूस्खलन एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



**इडुक्की।** केरल में तोडुपुझा के गांव में भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से एक परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि तोडुपुझा के पास कांजर गांव में देर रात करीब ढाई बजे हुई। पुलिस के मुताबिक, कांजर निवासी थंकम्मा (80), उनका बेटा सोमन (52), उसकी पत्नी शाजी (50), उनकी बेटी शिमा (30) और देवानंद (पांच) की सुबह भूस्खलन में मौत हो गई। बता दें कि केरल के पहाड़ी इलाकों में पिछले दो दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है। कोट्टायम जिले के नेदुनकुन्नम, करुकाचल गांवों में बाढ़ के कारण स्थानीय निवासियों को निकालने के लिए दमकल कर्मियों को भेजा गया है। इसी बीच केरल के पत्तनमथिट्टा जिले में, मल्लापल्ली तालुक के कुछ क्षेत्रों में मामूली बाढ़ आई। मल्लापल्ली, अनिक्कड़ और थोलियूर गांवों में छोटी नदियां उफान पर हैं। मल्लापल्ली तालुक के कोट्टांगल गांव में कुछ घरों और दुकानों में पानी घुस गया। वहीं, पानी में बह रही एक कार को स्थानीय निवासियों ने एक पेड़ से रस्सी से बांध दिया। इसके अलावा, मलप्पुरम, कोझिकोड और कन्नूर जिलों के पहाड़ी इलाकों में पिछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। हालांकि, वहां से अभी तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक मौसम विभाग ने पठनमथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, मलप्पुरम, कोझीकोड और वायनाड जिलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। इस माह की शुरुआत में इडुक्की के कई इलाकों में भूस्खलन हुआ। वहीं मुन्नार कुंडला एस्टेट में मंदिर और दो दुकान पूरी तरह डूब गए। भूस्खलन के कारण मुन्नार-वट्टावाडा मार्ग पर मलबा जमा है।

### भारी बारिश से देहरादून में ढ़हा मकान, मलबे में दबने से 8 दिन के बच्चे सहित तीन लोगों की मौत

**देहरादून।** पहाड़ों में मूसलाधार बारिश कोहराम मचा रही हैं। मौसम विभाग केंद्र के भारी बारिश के अलर्ट के बीच देहरादून के राजपुर रोड में आवास ढहने से एक बच्चे सहित तीन लोग मलबे में दबे गए। तीनों के शव बरामद किए जा चुके हैं। देहरादून के राजपुर क्षेत्र काठ बंगला बस्ती आवास ढहने से आठ दिन बच्चे सहित तीन लोग मलबे में दब गए थे। तीनों के शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं देर रात हुई बारिश से काठ बंगला बस्ती में घर ढह गया था। सूचना पर राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम शुरू किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान और जिलाधिकारी सोनिका भी घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। रेस्क्यू टीम द्वारा मलबे में दबे बच्चे सहित दो महिलाओं के शव बरामद कर लिए गए हैं। जिलाधिकारी सोनिका ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तीनों शवों के पोस्टने के पोस्टमॉर्टम करने के निर्देश दिए। संगीता पत्नी दिनेश उम्र 22 वर्ष, लक्ष्मी दिनेश की बहन उम्र 28 वर्ष और दिनेश का आठ दिन का बच्चा मलबे में दबा बताया जा रहा है। वहीं अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा एवं डॉक्टर एसके बरनवाल सहित संबंधित अधिकारी आपदा कंट्रोल रूम से राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्य कर रहे हैं। वहीं मसूरी देहरादून हाईवे पर गलेगी धार में भी सड़क पर लगातार पहाड़ी से मलबा आ रहा है। सड़क के दोनों ओर जेसीबी तैनात है जो मलबा हटा रही है।

### ट्विन टॉवर के ध्वस्त होने का वीडियो शेयर आनंद महिंद्रा ने लिखी दिल छू लेने वाली बात

**मुंबई।** मशहूर उद्योगपति आनंद महिंद्रा कमाल के हाजिरजवाबी हैं। हर मौके के लिए आनंद महिंद्रा का ट्वीट तैयार रहता है। उनके ट्वीट को हजारों लोग पसंद करते हैं।



वे अक्सर नई चीजों पर वीडियो शेयर करते रहते हैं। इसमें वे प्यारा सा संदेश भी देते हैं। इस बार उन्होंने नोएडा में सुपरटेक ट्विन टॉवर के ध्वस्त होने का वीडियो शेयर कर दिल को छू लेने वाली बात कही है। आनंद महिंद्रा ने जिस वीडियो को शेयर किया है उसमें सबसे पहले ट्विन टॉवर को धाराशायी होते हुए दिखाया गया। वीडियो में अलग-अलग जगहों से अलग-अलग कोण से बिल्डिंग को गिरते हुए दिखाया गया है। आनंद महिंद्रा ने वीडियो के साथ ही लिखा है, कि आज मैं मंडे मोटीवेशन (प्रेरणादायी संदेश) के लिए ध्वस्त होते नोएडा सुपरटेक ट्विन टॉवर के वीडियो का इस्तेमाल क्यों कर रहा हूं। इसके बाद आनंद महिंद्रा खुद इसका जवाब देकर कहते हैं, क्योंकि यह हमारे अहंकार के बढ़ते हुए खतरे की याद दिलाता है।



## ईडी-सीबीआई के जरिए बीजेपी घर-घर से पैसा लूट रही: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने तृणमूल छात्र परिषद के 24वें स्थापना दिवस पर रैली को संबोधित किया। इस दौरान ममता ने बीजेपी के आरोपों पर पलटवार किया। ममता ने कहा, ईडी-सीबीआई के जरिए बीजेपी घर-घर से पैसा लूट रही है। टीएमसी का नाम बदनाम किया जा रहा है। पार्थ चटर्जी चोर हैं, केश्टो चोर हैं, बॉबी चोर हैं, अभिषेक बनर्जी चोर हैं, ममता बनर्जी चोर हैंज तब साधु कौन हैं? बीजेपी के सभी लोग साधु हैं। ममता ने कहा, मुझसे पूछा जा रहा है कि मेरी संपत्ति कितनी है? हम लोग प्रजादारी जमीन में रहते हैं। 70 साल से पापा वहीं रहते थे। मैं और मां रहती थी। बाकी सभी भाई-बहनों की अपनी गृहस्थी है।1991 साल के बाद से मैं कभी फ्लाइट के एक्जिक्यूटिव क्लास में नहीं बैठी हूं। 12 साल से कोई पेंशन नहीं ले रही हूं। बीजेपी बड़ी-बड़ी बातें करती है। मैं राजनीति में समाजसेवा के लिए आई हूं। मुझपर दाग लगाने की कोशिश हो रही है। ममता ने उनकी पार्टी टीएमसी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर कहा कि मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि अगर वे (भाजपा) कर सकते हैं, तब मुझे गिरफ्तार कर लें। ममता ने कहा कि बीजेपी, केंद्रीय एजेंसियों और काले धन का इस्तेमाल निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने के लिए कर रही है। बीजेपी जवाब दे कि निर्वाचित सरकारों को गिराने के लिए उसके पास पैसा कहां से आ रहा है। ममता ने बिलकिस बानो केस में दोषियों की रिहाई को लेकर भी बीजेपी पर हमला बोला है।

### विपक्ष पर दबाव बनाने हेतु भाजपा कर रही ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल

# मैंने नहीं सोचा था कि मेरी उंगली पकड़ने वाले मोदी इतने महंगे पड़ जायेंगे: शरद पवार

### भाजपा के अच्छे दिन देशवासियों को कभी देखने को नहीं मिले

**ठाणे।** मैंने नहीं सोचा था कि मेरी उंगली पकड़कर राजनीति में आए नरेंद्र मोदी इतने महंगे पड़ जाएंगे, यह तंज कसा है राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर। दरअसल सोमवार को शरद पवार आगामी नगर निकाय चुनाव के संदर्भ में मुंबई से सटे ठाणे के दौरे पर थे। इस मौके पर उन्होंने राकांपा के पदाधिकारियों से बातचीत की. इस बातचीत के बाद उन्होंने ठाणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की. इस मौके पर पवार ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों में भ्रम पैदा कर रही है और अब तक किए गए वादों को पूरा नहीं किया है।



2014 में, भाजपा ने चुनावों के लिए अच्छे दिनों की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों को ये अच्छे दिन कभी देखने को नहीं मिले। पवार ने कहा कि ठाणे पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि इस जिले में अधिक विधायक हैं। जिनके हाथ में देश के सूत्र हैं और जिनके हाथ में राज्य के सूत्र हैं वे एक ही मन के हैं। इस सरकार ने कई वादे किए हैं लेकिन सवाल यह है कि क्या उन्हें पूरा किया जा रहा है। वर्ष 2014 में, अच्छे दिनों की घोषणा इनके द्वारा की गई थी लेकिन सत्ता में आने के बाद इन्होंने कुछ नहीं किया। वर्ष 2019 में फिर से उन्होंने न्यू इंडिया की घोषणा की लेकिन यह पूरा नहीं हुआ। अब वर्ष 2024 के लिए 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की घोषणा की जा रही है। यह देखना महत्वपूर्ण है कि क्या यह पूरा हो रहा है। आगे बोलते हुए, शरद पवार ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह भी वादा किया था कि 2022 तक सभी को 24 घंटे बिजली मुहैया कराई जाएगी। लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं किया। केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक, देश में 44 फीसदी लोगों के पास अभी भी बिजली नहीं है। तो यह स्पष्ट है कि किए गए वादों को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा आम जनता से किए गए वादों की सूची भी पढ़ी। 2022 तक, सभी के पास अपना एक घर होगा, हर घर में पानी का नल होगा और 2018 तक, राज्य की हर ग्राम पंचायत में इंटरनेट की सुविधा होगी, भाजपा ने लोगों से वादा किया था। लेकिन बीजेपी ने अभी तक अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया है।

#### विपक्ष पर दबाव बनाने हेतु भाजपा कर रही ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल

शरद पवार ने यह भी आरोप लगाया कि ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल भाजपा विपक्ष पर दबाव बनाने के लिए कर रही है। कर्नाटक में बीजेपी की सरकार नहीं थी. वहां के नेताओं पर दबाव बनाकर बीजेपी ने सरकार गिरा दी, देश के कई राज्यों में ऐसा ही हाल है. पवार ने गुजरात के बिलकिस बानो मामले को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बिलकिस बानो मामले में कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है। लेकिन गुजरात सरकार ने उन्हें रिहा कर दिया. देश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। महिलाओं के शोषण को रोकने के लिए मोदी सरकार द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

### हिजाब मामले की अगली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में 5 सितंबर को होगी

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने हिजाब मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी। इस दौरान मामले को टालने के लिए शीर्ष अदालत ने नाराजगी जताई है। उसने फटकार लगाते हुए कहा कि जब मामला सुनवाई के लिए लगता है तो आप सुनवाई टालने की मांग कर देते हैं। यह सही तरीका नहीं है। मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाली कर्नाटक उच्च न्यायालय की 3 न्यायाधीशों की पीठ ने माना था कि कुरान मुस्लिम महिलाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य नहीं करता है। पीठ ने कहा था कि यह पोशाक मुस्लिम महिलाओं के लिए 'सार्वजनिक स्थानों तक पहुंच' प्राप्त करने का एक साधन है।

# भारतीय टीम की पाक पर शानदार विजय पर पीएम मोदी ने दी बधाई

## राहुल गांधी ने ट्वीट किया- क्या रोमांचक मैच था

**नई दिल्ली** । एशिया कप स्पर्धा के पहले मैच में रविवार को भारतीय टीम ने पाकिस्तान पर शानदार जीत हासिल करने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए कहा कि टीम ने जबर्दस्त कौशल और धैर्य का प्रदर्शन किया। भारत ने दुबई में खेले गए मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। पीएम मोदी ने जीत के मिनटों बाद ही ट्वीट में कहा, 'टीम इंडिया ने एशिया कप 2022 के मैच में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने जबर्दस्त कौशल और धैर्य का प्रदर्शन किया। उन्हें जीत पर बधाई।' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'क्या रोमांचक मैच था। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। खेलों की खूबसूरती यही है कि यह कैसे देश को प्रेरित और एकजुट करते हैं। जबर्दस्त हर्ष और गर्व की अनुभूति।' गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, 'एशिया कप में भारतीय टीम की शानदार शुरुआत। बहुत ही रोमांचक मुकाबला। इस शानदार जीत पर टीम को बधाई।' आपको बता दें कि हार्दिक पंड्या के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशिया कप में अपने पहले मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। हार्दिक ने पहले गेंदबाजी में अपनी उपयोगिता साबित करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिये जिसके दम पर भारत ने पाकिस्तान को 19.5 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 गेंद में नाबाद 33 रन बनाये और रविंद्र जडेजा (29 गेंद में 35 रन) के साथ 52 रन की साझेदारी करके भारत को जीत दिलाई।

इससे पहले भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने निराश किया। केएल राहुल खाता भी नहीं खोल सके, जबकि कप्तान रोहित शर्मा 18 गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। विराट कोहली ने 34 गेंद में 35 रन बनाये, लेकिन बड़ी पारी की ओर बढते हुए वह गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर आउट हुए। पाकिस्तान के लिये पदार्पण कर रहे नसीम शाह ने भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। एक समय भारत का स्कोर चार विकेट पर 89 रन हो गया था जिसके बाद जडेजा और पंड्या ने जिम्मा संभाला।

### टीम इंडिया की पाकिस्तान पर जीत पर बॉलीवुड ने मनाया जोरदार जश्न

**मुंबई।** प्रतिष्ठित एशिया कप-2022 स्पर्धा के पहले मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को करारी मात देते हुए जीत हासिल की। मैच 28 अगस्त को दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने भारत को 148 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे भारत ने 19.4 ओवर पर ही लक्ष्य पूरा कर लिया। टीम इंडिया की इस जीत का जश्न पूरे देश में मनाया जा रहा है। बॉलीवुड सेलेब्स के बीच भी भारत की जीत की धूम है। आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे से लेकर कार्तिक आर्यन और अनिल कपूर तक ने, जबरदस्त अंदाज में भारतीय क्रिकेट टीम की पाकिस्तानी टीम पर जीत का जश्न मनाया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अनन्या पांडे और आयुष्मान खुराना टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाते हुए काला चश्मा पर नाचते हुए देखा जा सकता है। आयुष्मान और अनन्या 'ड्रीम गर्ल 2' में साथ नजर आएंगे। दोनों ने मथुरा में फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। भारत बनाम पाकिस्तान का मैच देखने के बाद, सोशल मीडिया पर दोनों ने यह फन रील साझा की है।

## पूर्व लेग स्पिनर राहुल शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व लेग स्पिनर राहुल शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। राहुल को आईपीएल में एक रेव पार्टी में लिप्त पाये जाने के बाद से ही भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। वापसी के अपने अवसरों के समाप्त होने के साथ ही इस खिलाड़ी ने खेल को अलविदा कह दिया। राहुल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालते हुए खेल से संन्यास की बात कही है। साल 2011 में उन्होंने आईपीएल टूर्नामेंट के दौरान सचिन तेंदुलकर को आउट कर सबका ध्यान खींच था। इसके बाद से ही वह आईपीएल स्टार बन गए थे। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौ?ा पोस्ट लिख है, 'इसमें कहा गया कि मैं अपने करियर के अहम मौकों पर चोट से परेशान रहा। इस वजह से मुझे काफी निराशा भी हुई। मैंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में काफी मेहनत की पर मौके आसानी से नहीं मिले। सचिन को याद आया कि मैं प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना चाहता था और उन्होंने मुझे रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में खेलने का यह अवसर दिया। मैंने इस लीग के साथ अपनी दूसरी पारी शुरू करने का फैसला किया है।' गौरतलब है कि साल 2012 उनके लिए अच्छा नहीं रहा। इसी साल वह अफ्रीकी प्लेयर वायने पार्नेल के साथ रेव पार्टी में पकड़े गए थे। तब पार्नेल ने कहा था कि वह नशा नहीं करते और गलत समय पर गलत स्थान पर समय बिता रहे थे। राहुल ने कुल छह अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलते हुए नौ विकेट लिए। इसके अलावा आईपीएल में कुल 44 मैच खेले थे जिसमें उन्हें 40 विकेट मिले।

## विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना होगा : अभिषेक



**नई दिल्ली** । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अभिषेक ने कहा कि अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना होगा। अभिषेक ने कहा कि सभी खिलाड़ी अभ्यास के साथ ही आगामी टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर विश्व कप की तैयारी करेंगे। इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि हम सभी अपनी कमियों को दूर करते हुए सुधार करना चाहते हैं। जिससे अगले साल होने वाले विश्व कप में पूरी ताकत से उतरा जा सके। राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। अभिषेक ने इस टूर्नामेंट में सही मैचों में खेला था। अभिषेक ने कहा, '' इतने बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करना मेरे लिए यादगार अनुभव रहा। इस टूर्नामेंट के दौरान मुझे अपने खेल के बारे में काफी कुछ सीखने को मिला और पता चला कि किन क्षेत्रों में मुझे और सुधार करने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''हमने पूरी प्रतियोगिता में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि हमारा सामना कड़े प्रतिद्वंद्वियों से था। प्रत्येक मैच हमारे लिए एक चुनौती था और हमने इसका पूरी ताकत से मुकाबला किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में भले हमें जीत नहीं मिली पर हमने उससे काफी कुछ सीखा। हम इन क्षेत्रों में अभ्यास के दौरान सुधार करेंगे।'' साथ ही कहा कि हमारे मुख्य कोच ग्राहम रीड ने अभ्यास सत्र से पहले ही मुझसे कहा था खेल का आनंद लो और बहुत अधिक दबाव मत बनाओ। उनकी इस सलाह से मुझे बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिली। अभिषेक ने कहा, '' मेरे साथियों और कोच ने मुझसे कहा कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि यह मेरा पहला बड़ा टूर्नामेंट था। अभी कुछ क्षेत्र हैं जिनमें मुझे सुधार करने की जरूरत है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### यूएई लीग में खेलेंगे पोलार्ड, ब्रेवो सहित कई खिलाड़ी

**दुबई** । रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम एमआई एमिरेट्स ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली अंतरराष्ट्रीय टी20 लीगके उद्घाटन सत्र के लिए कीरोन पोलार्ड , ड्वेन ब्रावो और ट्रेंट बोल्ट सहित कई और खिलाड़ियों ओ अपनी टीम में शामिल किया है। एमआई एमिरेट्स ने इस टी20 के लिए अपनी टीम की घोषणा करते हुए कहा कि वर्तमान और पूर्व मुंबई इंडियन्स (एमआई) खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ नए खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी गयी है। एमआई एमिरेट्स में पोलार्ड, ब्रावो और बोल्ट के अलावा निकोलस पूरन और इमरान ताहिर भी शामिल हैं। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज विल स्मीड भी एमआई परिवार में शामिल किये गये है। इसके अलावा, आंद्रे फ्लेचर (वेस्ट इंडीज), समित पटेल (इंग्लैंड) और जॉर्डन थॉम्पसन (इंग्लैंड) टीम से जुने वाले नए नाम हैं। खिलाड़ियों को शामिल करने को लेकर रिलायंस जियो के प्रमुख आकाश अंबानी ने कहा, मुझे खुशी है कि हमारे प्रमुख खिलाड़ियों में से एक, पोलार्ड एमआई एमिरेट्स के साथ जुड़ रहे हैं। उनके साथ मुंबई इंडियन्स के पूर्व खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो, ट्रेंट बोल्ट और निकोलस पूरन भी हमसे दोबारा जुड़े हैं।

### एथलीट नवजीत डोप टेस्ट में विफल , निलंबन तय

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला चक्का फेंक एथलीट नवजीत कौर ढिल्लों डोप जांच में विफल रही हैं। नवजीत 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) द्वारा की गयी डोप जांच में विफल रहीं हैं। एआईयू के अनुसार उनकी जांच के नमूने में जो पदार्थ पाया गया है वह प्रतिबंधित स्टेरॉइड है जिससे उन पर अस्थायी निलंबन लगना चाहिए। एआईयू ने अलमाटी में यह जांच की है। नवजीत ने गोल्ड कोस्ट 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था और वह इसी माह समाप्त हुए बर्मिंघम खेलों में आठवें स्थान पर रही थीं। नवजीत ने चेन्नई में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप में 55.67 मीटर दूर चक्का फेंककर और 25 जून को कजाखस्तान के अलमाटी में कोसानोव मेमोरियल मीट में 56.24 मीटर के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता था। बर्मिंघम में उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 53.51 मीटर रहा था। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58.03 मीटर का है और उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 में 59.18 मीटर का था। उसने जून में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।

### जीईएम की समस्या सामने लाने व्हिसलब्लोअर की भूमिका निभाए उद्योग: गोयल

**नई दिल्ली** । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग से सार्वजनिक खरीद पोर्टल जीईएम पर पंजीकृत उत्पादों के स्वदेशीकरण के संदर्भ में गलत घोषणा के मामलों में उद्योग जगत से गड़बड़ी को सामने लाने वाले व्हिसलब्लोअर की भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने सार्वजनिक खरीद में मेक इन इंडिया को तरजीह देने के विषय पर मंत्रालय के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इससे खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी और फलस्वरूप घरेलू स्तर पर विनिर्मित वस्तुओं और सेवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। गोयल ने उद्योग को घरेलू गुणवत्ता मानकों को स्वीकार करने को कहा। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) विनिर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय मानकों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए उद्योग के साथ मिलकर काम करेगा।

# शुभमन में रोहित , विराट और राहुल जैसी क्षमताएं : हरभजन

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा की है। हरभजन ने कहा कि शुभमन में रोहित शर्मा, विराट कोहली और राहुल जैसी क्षमताएं हैं। यहां तक कि आने वाले समय में वह भारतीय टीम की कप्तानी भी कर सकते हैं। वह एक सुलझे हुए बल्लेबाज हैं और उनकी तकनीक भी सधी हुई होने के साथ ही शॉट चयन भी शानदार है , इसके साथ ही उनमें रनों की भूख है और वह टीम के लिए योगदान देना चाहते हैं।

हरभजन ने बताया कि जब वह विजय हजारे ट्रॉफी 2017 में पंजाब की कप्तानी कर रहे थे तब उन्हें शुभमन के बारे में पहली बार पता चला। उन्होंने कहा, 'चयनकर्ताओं ने मुझे शुभमन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वह प्रतिभावान खिलाी है। हम उसे इस साल रणजी ट्रॉफी में अवसर दे रहे हैं। हमें उसके अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। तब मैंने इसपर जवाब दिया कि अगर वह प्रतिभावान है तो हम उसे भविष्य की जगह अभी क्यों न अवसर दें इसपर चयनकर्ताओं ने मुझसे पूछा कि क्या मैं उन्हें लेकर निश्चित हूं, मैंने कहा मैं 100 फीसदी निश्चित हूं।

शुभमन ने हरभजन के भरोसे को बनाये रखते हुए अपने दूसरे ही मैच में ही असम के खिलाफ 121 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी पंजाब की ओर से दूसरे ही मैच में 129 रन बनाए थे। हरभजन ने कहा, 'जब वह पहली बार पंजाब के लिए खेला तो मुझे लग गया कि उनके पास तेज गेंदबाजी खेलने के लिए बहुत समय है। वह छोटी गेंदों को बहुत अच्छा खेलते हैं, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने योग्य बनाता है। वह छोटी गेंद को स्क्वैर लेग की जगह मिड-ऑन और मिड-विकेट की ओर खेलते हैं, जो दिखाता है कि उनके पास कितना समय है।% भारतीय टीम में जगह पानेके बाद शुभमन ने अपने खेल से सभी का ध्यान खींचा है। इस युवा बल्लेबाज ने जिम्बाब्वे दौर में भी शानदार प्रदर्शन किया है। जिससे उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी मिला है।

## व्यापारन्यूज

### पाकिस्तान भारत से कर सकता है टमाटर और प्याज का आयात

**लाहौर** । पाकिस्तान में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण विभिन्न सब्जियों और फलों की कीमतों में भारी उछाल के बीच पाकिस्तान सरकार भारत से टमाटर और प्याज का आयात कर सकती है। बाजार के थोक व्यापारियों का कहना है कि रविवार को लाहौर के बाजारों में टमाटर और प्याज की कीमत क्रमशः 500 रुपए और 400 रुपए किलो रही। हालांकि, रविवार के बाजारों में टमाटर और प्याज समेत अन्य सब्जियां नियमित बाजारों की तुलना में 100 रुपए प्रति किलोग्राम कम कीमत पर उपलब्ध थीं। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में खाने पीने की चीजों की कीमतें और बढ़ेंगी क्योंकि बाढ़ के कारण बलूचिस्तान, सिंध और दक्षिण पंजाब से सब्जियों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में प्याज और टमाटर की कीमत 700 रुपए किलो के पार जा सकती है। इसी तरह आलू की कीमत 40 रुपए किलो से बढ़कर 120 किलो हो गई है। बताया जा रहा है कि सरकार वाघा सीमा के जरिए भारत से प्याज और टमाटर आयात करने के विकल्प पर विचार कर रही है। वर्तमान में लाहौर और पंजाब के अन्य शहरों में तोरखम सीमा के जरिए अफगानिस्तान से टमाटर और प्याज की आपूर्ति हो रही है।

### टाइटन के शेयर ने 1 लाख के बनाए 16 करोड़

**मुंबई** । टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन के शेयर पिछले कुछ साल में 2 रुपए से बढ़कर 2500 रुपए के पार पहुंच गए हैं। टाइटन कंपनी के शेयरों ने इस समय अवधि में लोगों को 150000 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है। टाइटन के शेयरों का 52 सप्ताह का उच्च स्तर 2767.55 रुपए है। वहीं कंपनी के शेयरों का 52 सप्ताह का निचला स्तर 1827.15 रुपए है। टाइटन कंपनी के शेयर 25 अक्टूबर 2001 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 1.57 रुपए के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 29 अगस्त 2022 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 2526.45 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। अगर किसी व्यक्ति ने अक्टूबर 2001 को टाइटन कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपए लगाए होते और अपने इनवेस्टमेंट को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 16.09 करोड़ रुपए होता।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 1466 अंक टूटा

## निफ्टी 370 अंक लुढ़क कर खुला




**मुंबई** । वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान भारतीय शेयर बाजारों में भारी गिरावट हुई। बीएसई का सेंसेक्स 1466 अंक लुढ़ककर खुला वहीं निफ्टी ने खुलते ही 370 अंकों को गोता लगा दिया। सेंसेक्स 1300 अंक लुढ़ककर 57518 पर और निफ्टी 385 अंक टूटकर 17170 पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाले सेंसेक्स पर नेस्ले और हिन्दुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर बाकी शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। वहीं सबसे ज्यादा आईटी शेयरों को होता दिख रहा है। दोनों सूचकांक दो फीसदी से अधिक गिरे। इस दौरान टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील और पावर ग्रिड गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। अन्य एशियाई बाजारों में सोल, तोक्यो, शंघाई और हांगकांग भी लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 51.12 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

आईटी के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट दिख रही है। निफ्टी आईटी 3.85 फीसदी तक लुढ़क गया है। इसके अलावा अन्य सभी सेक्टोरल इंडाइसेज भी लाल निशान में ही हैं। निफ्टी बैंक 1.95 फीसदी, निफ्टी मेट 2.24 फीसदी, पीएसयू बैंक 2.36 फीसदी, निजी बैंक 2 फीसदी, ऑटो 1 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स शुक्रवार को 59 अंक टूटकर 58,834 पर बंद हुआ था, वहीं निफ्टी 36 अंकों का गोता लगाकर 17,559 पर पहुंच गया था। ऐसा तब हुआ है जब विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय बाजारों में इस वित्त वर्ष का सर्वाधिक निवेश अगस्त माह में किया है। भारतीय रिजर्व बैंक सितंबर में एक बार फिर रेपो रेट में वृद्धि कर सकता है। इसलिए ऐसा माना जा सकता है कि सख्त मौद्रिक नीतियों के कारण बाजार सहम गया है।

### अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में गिरावट

**मुंबई** । अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेराम पॉवेल ने महंगाई के काबू में आने तक ब?याज दरें बढ़ाने का संकेत दिया है। इसका असर वहां के शेयर बाजारों पर भी दिखा और पिछले कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट दिखी। अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजार डाओ जोंस पर पिछले सत्र में 3.03 फीसदी की गिरावट दिखी, जबकि एसएंडपी 500 3.37 फीसदी फीसदी टूटकर बंद हुआ और नेस्डेक पर 3.94 फीसदी का नुकसान रहा। वहीं अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय बाजारों के लिए भी पिछला सत्र काफी खराब रहा और सभी प्रमुख शेयर बाजारों में गिरावट दिखी। यूरोप के बड़े बाजारों में शामिल जर्मनी के स्टॉक एक्सचेंज पर पिछले सत्र में 2.26 फीसदी की बड़ी गिरावट दिखी, जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 1.68 फीसदी टूटकर बंद हुआ। लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर भी पिछले सत्र में 0.70 फीसदी का नुकसान दिखा।

# सोने में 308 रुपए की गिरावट, 834 रुपए टूटी चांदी



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में नरमी से सोना और चांदी में गिरावट देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 308 रुपए की गिरावट के साथ 50,930 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता हुआ देखा गया है। एमसीएक्स पर चांदी अक्टूबर वायदा 834 रुपए की गिरावट के साथ 54,936 रुपए प्रति किलो पर कारोबार कर रही है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 13.22 डॉलर की गिरावट के साथ 1725.39 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता हुआ देखा गया है। चांदी 0.27 डॉलर की कमजोरी के साथ 18.64 डॉलर प्रति औंस पर है। मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद और केरल में 22 कैरेट सोने की कीमत 47,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हैं। दिल्ली, जयपुर और लखनऊ में 22 कैरेट सोना 47,450 रुपए प्रति 10 ग्राम हैं। चांदी मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, पुणे, अहमदाबाद, जयपुर और लखनऊ में 54,000 रुपए प्रति किलो और चेन्नई, कोयंबटूर और मदुरै में 60,700 रुपए प्रति किलो है।

### रुपया डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 80.15 पर

**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 31 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 80.15 रुपए पर आ गया। विदेश में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते यह गिरावट हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 80.10 पर खुला। बाद में और गिरावट दर्ज करते हुए 80.15 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 31 पैसे की कमजोरी को दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 79.84 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.51 प्रतिशत बढ़कर 109.35 पर आ गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा मुद्रास्फीति से निपटने के लिए सख्त रुख अपनाने की बात कहने के बाद डॉलर में मजबूती आई।

# रिलायंस रिटेल ने मेट्रो कैश एंड कैरी खरीदने 5,600 करोड़ की बोली लगाई

**नई दिल्ली** । देश के प्रमुख कारोबारी मुकेश अंबानी की की रिलायंस रिटेल ने भारत में मेट्रो कैश एंड कैरी के कारोबार को खरीदने के लिए 5,600 करोड़ रुपए की बोली लगाई है। जानकारों का कहना है कि यह नॉन-बाइंडिंग बोली है। हालांकि रिलायंस इसे खरीदने की होड़ में अकेली नहीं है। थाईलैंड की सबसे बड़ी कंपनी सीपी ग्रुप ने करीब एक अरब डॉलर (8,000 करोड़ रुपए) की बोली लगाई है। यह जर्मन कंपनी की उम्मीदों के मुताबिक है। कंपनी करीब 19 साल बाद भारत में अपना होलसेल कारोबार बंद करने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक मेट्रो इंडिया ने अपने परफॉरमेंस और आगे की संभावनाओं के बारे में रिलायंस और सीपी की सीनियर टीम के सामने प्रजेंटेशन दिया है। यह प्रजेंटेशन दो हफ्ते पहले बेंगलूरु में 'दिया गया था। इसमें मर्चेंट बैंकर्स भी शामिल थे। इस बारे में ईटी के ईमेल का जबाव देते हुए मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि हम अफवाहों और अटकलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। इस बारे में रिलायंस और सीपी ग्रुप ने उन्हें भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया। एक सूत्र ने कहा कि मेट्रो इंडिया की पेरेंट जर्मन कंपनी मेट्रो एजी भारत में रेगुलेटरी माहौल और स्वेदशी वर्सेज विदेशी पर चल रही बहस से चिंतित है। भारतीय कंपनियों से जुड़े लॉबी ग्रुप्स का आरोप है कि विदेशी रिटेल कंपनियों ने एफडीआई नियमों का उल्लंघन किया है। हालांकि विदेशी कंपनियों ने हमेशा इन आरोपों का खंडन किया है। इसके मद्देनजर मेट्रो एजी के भारतीय कारोबार को खरीदने की दौड़ में रिलायंस को सबसे आगे माना जा रहा है। हालांकि थाईलैंड की कंपनी की नजर भी इस पर है।

## रिलायंस की एजीएम में हो सकती है बढ़ी घोषणा

**मुंबई** । रिलायंस इंडस्ट्रीज की 45वीं एजीएम की बैठक सोमवार को दोपहर दो बजे से शुरू होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी इस एजीएम को वीडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म्स पर भी इस एजीएम का प्रसारण होगा। कारोबार जगत की नजर इस एजीएम पर बनी हुई है। इस बैठक के एजेंडे को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस बार की एजीएम में कई बड़ी घोषणाएं की जा सकती हैं जिसमें रिलायंस जियो के आईपीओ से लेकर रिलायंस रिटेल के आईपीओ की घोषणाएं शामिल हैं। इस एजीएम में 5जी मोबाइल सर्विस लॉन्च करने की घोषणा भी हो सकती है। बता दें कि इससे पहले 2019 की एजीएम बैठक में कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने अगले पांच वर्षों में रिलायंस जियो और रिलायंस रिटेल को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग कराने की बात कही थी। जेएम फाइनैंशियल का मानना है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के एजीएम में रिलायंस जियो, रिलायंस डिजिटल और ऑयल टू केमिकल यूनिट के आईपीओ के टाइमलाइन की घोषणा की जा सकती है। वहीं ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए का मानना है कि रिलायंस जियो के आईपीओ को इस वर्ष लॉन्च किया जा सकता है जिसका मार्केट वैल्यू 100 बिलियन डॉलर (8 लाख करोड़ रुपए) रहने का अनुमान है। सीएलएसए के मुताबिक रिलायंस जियो का आईपीओ पूरे टेलिकॉम सेक्टर के वैल्यूएशन के लिहाज से एक बड़े उत्प्रेरक का काम करेगा। माना जा रहा है कि मुकेश अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के एजीएम में 5जी सेवा की लॉन्चिंग का ऐलान कर सकते हैं। 5जी स्पेक्ट्रम हासिल करने के लिए रिलायंस जियो ने 88,078 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

# सुजुकी भारत में करेगी 18 हजार करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली ।** सुजुकी मोटर ने भारत में 18 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। सुजुकी मोटर ने घोषणा की है कि वह भारत में एक नया सुजुकी आरएंडडी सेंटर की स्थापना करेगा। सुजुकी के 40 साल पूरे होने के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात के हंसलपुर में इलेक्ट्रिक व्हीकल बैटरी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और हरियाणा के खरखौदा में पैसेंजर व्हीकल प्लांट की नींव रखी। सुजुकी ने ईवी प्लांट के लिए 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश का फैसला किया है। ऐसा माना जा रहा है कि मारुति साल 2025 से इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन शुरू कर सकती है। गौरतलब है कि मारुति उद्योग लिमिटेड की स्थापना साल 1981 में हुई थी। यह कंपनी एक पब्लिक सेक्टर कंपनी थी। 1982 में जापानी ऑटोमेकर सुजुकी ने मारुति के साथ ज्वाइंट वेंचर स्थापित किया था। वर्तमान में आरसी भार्गव मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन हैं। हंसलपुर में मारुति अपने नए प्लांट पर लगभग 7,300 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यह इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एडवांसड कैमिस्ट्री सेल बैटरीज़ का निर्माण करेगी। वहीं हरियाणा के खरखोदा स्थित वाहन निर्माण इकाई में हर साल 10 लाख यात्री वाहनों के निर्माण की क्षमता होगी, जिससे ये दुनिया में एक ही साइट पर सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माण इकाइयों में से एक बन जाएगी। इस परियोजना का पहला चरण 11,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ स्थापित किया जाएगा।

# अद्भुत एवं विलक्षण है भगवान रंगनाथ स्वामी मंदिर



**प्रो. आर के ठस्सू, सेवानिवृत प्राध्यापक अम्बाह**

रंगनाथ स्वामी मंदिर के स्थापत्य दर्शन को अद्भुत एवं विलक्षण कहा जाना चाहिए। जी हां, रंगनाथ स्वामी मंदिर का स्थापत्य सौन्दर्य अति दर्शनीय है। श्री रंगनाथस्वामी मंदिर तिरुचिरापल्ली शहर के 'श्रीरंगम' नामक द्वीप पर बना हुआ है जिसे 'भू-लोक वैकुण्ठ' कहा जाता है

मंदिर की स्थापत्य कला, सौन्दर्य एवं विशिष्टताओं के कारण यूनेस्को ने इसे एशिया प्रशांत मेरिट पुरस्कार से अलंकृत किया है। श्री रंगम की पवित्र भूमि पर कावेरी नदी के किनारे स्थित रंगनाथ स्वामी मंदिर वस्तुतः श्री रंगनाथ स्वामी को समर्पित है। श्री रंगनाथ स्वामी को भगवान विष्णु का स्वरूप माना जाता है। मंदिर में भगवान श्री रंगनाथ शेषनाग शैय्या पर विश्राम की अवस्था में विद्यमान हैं। श्री रंगम द्वीप पर स्थित यह मंदिर भू-लोक बैकुण्ठ के नाम से भी जाना पहचाना जाता हैं।

रंगनाथ स्वामी मंदिर को श्री रंगम मंदिर तिरुवरंगम, तिरुपति, पेरियाकोइल आदि इत्यादि नामों से भी जाना जाता है। इसे दक्षिण भारत का प्राचीन मंदिर माना जाता है। वस्तुतः यह दिव्य-भव्य मंदिर हिन्दुओं का प्रमुख तीर्थ है विशेष यह है कि 631000 वर्ग मीटर में फैला यह मंदिर अति कलात्मक एवं सुन्दर है। इस मंदिर में 21 गोपुरम है। गोपुरम से आशय प्रवेश द्वार से है। मंदिर के प्रमुख द्वार को राजगोपुरम कहा जाता है। इस शानदार द्वार की ऊंचाई लगभग 72 मीटर है। द्रविण शैली के इस शानदार मंदिर को वास्तुकला की शानदार संरचना कहा जा सकता है। मंदिर का आंतरिक क्षेत्र भी बेहद आकर्षक है। ग्रेनाइट से बना विशाल सभागार यहां का विशेष आकर्षण है। इसमें 953 स्तम्भ हैं।

इन स्तम्भों में कलात्मक अंकन हैं। इस मूर्ति अंकन में हाथी, घोड़ा, बाघ एवं अन्य जीव-जन्तुओं का अंकन है। विशेष यह कि छत एवं दीवारों पर यह कलात्मक अंकन वनस्पतीय रंगों से किया गया। इसे अद्भुत चित्रकला कहा जा सकता है। प्राचीन वास्तु शैली से अलंकृत यह मंदिर एक अनूठी सांस्कृतिक धरोहर है। इस मंदिर में देवी-देवताओं का पूजन अर्चन भगवान श्री राम ने किया था। मान्यता है कि राम-रावण युद्ध के बाद यहां के देवी देवता लंका के राजा विभीषण को सौंप दिये गये थे। लंका वापस जाते समय विभीषण के सामने भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान विष्णु ने इस स्थान पर भगवान रंगनाथ के रूप में रहने की इच्छा व्यक्त की थी। मान्यता है कि तभी से भगवान विष्णु श्री रंगनाथ के रूप में यहां विराजमान हैं। मान्यता है कि वैदिक काल में गोदावरी नदी के तट पर गौतम ऋषि का आश्रम था। जल संकट को देख कर कई अन्य स्थानों के ऋषि-मुनि आश्रम में आकर गौतम ऋषि से सहायता का आग्रह किया। उर्वरक भूमि देख कर अन्य ऋषियों में भूमि का लालच आ गया। अन्तोगत्वा ऋषियों ने गौतम ऋषि पर गौहत्या का आरोप लगा कर क्षेत्र की समस्त भूमि हथिया ली। गौतम ऋषि ने श्री रंगम जाकर भगवान श्री रंगनाथ की आराधना की। मान्यता है कि आराधना से प्रसन्न होकर भगवान श्री रंगनाथ ने दर्शन और आशीर्वाद दिया। मान्यता यह भी है कि गौतम ऋषि के आग्रह पर ब्राह्मा जी ने स्वयं इस मंदिर का निर्माण किया था। रंगनाथ स्वामी मंदिर की यात्रा के सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। निकटतम एयरपोर्ट तिरुचिरापल्ली एयरपोर्ट है। एयरपोर्ट से रंगनाथ स्वामी मंदिर की दूरी लगभग 9 किलोमीटर है। निकटतम रेलवे स्टेशन पुडुक्कोटई जंक्शन है। रेलवे स्टेशन से रंगनाथ स्वामी मंदिर की दूरी लगभग 54 किलोमीटर है। पर्यटक सड़क मार्ग से भी रंगनाथ स्वामी मंदिर की यात्रा कर सकते हैं।

# गर्मी के कारण सिरदर्द हो तो इन घरेलू नुस्खों को अपनाएं, जल्द मिलेगी राहत



देर तक धूप में रहने से सिर में गर्मी चढ़ने लगती है जिसके कारण तेज सिरदर्द का सामना करना पड़ सकता है। कई लोग गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द को सामान्य समझकर साधारण दवाई खा लेते हैं, लेकिन उन्हें आराम नहीं मिलता है क्योंकि इसके लिए सिर को ठंडा करना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनकी मदद से सिर की गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द से राहत पाई जा सकती है।

## खूब पानी पिएं

पानी का खूब सेवन सिर की गर्मी को कम करने में मदद करता है और उच्च तापमान के कारण शरीर को होने वाले नुकसान से बचाता है। इसलिए हर 15 मिनट या आधे घंटे बाद आधे गिलास पानी का सेवन करें। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या भी नहीं होगी। वहीं आप जब भी कहीं बाहर जाएं तो अपने पास पानी से भरी बोतल रखें और बार-बार पानी पीते रहें ताकि सिर और पूरा शरीर गर्मी से बचा रहे।

## ठंडी जगह पर आराम करें

गर्मी के कारण हुए सिरदर्द से राहत पाने के लिए सिर को ठंडक मिलना जरूरी है। इसके लिए सबसे अच्छा है कि आप एक ठंडे कमरे में कुछ देर आराम करें। हालांकि अगर आप कहीं बाहर हैं और आपके सिर में तेज दर्द होने लगे तो एक छायादार जगह ढूंढें और फिर वहां पर कुछ मिनट बैठकर पानी पीएं। ऐसा करने से सिर की गर्मी धीरे-धीरे कम होने लगेगी और सिरदर्द से भी राहत मिलेगी।

## नारियल के तेल से करें मालिश

दर्द की बात हो और तेल मालिश का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। सिरदर्द से राहत पाने के लिए तेल मालिश एक अच्छा उपाय है। हालांकि यह ध्यान रखें कि मालिश सही तरीके से की जाए क्योंकि गलत तरीके से मालिश करने पर दर्द बढ़ सकता है। जब भी आपको गर्मी के कारण सिरदर्द हो तो इससे राहत पाने के लिए आप नारियल के तेल से मालिश कर सकते हैं।

## कोल्ड कंप्रेस आएगा काम

कोल्ड कंप्रेस का इस्तेमाल करने से भी सिर की गर्मी को कम करने में मदद मिल सकती है। गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द को दूर करने के लिए अपने सिर पर कुछ मिनट के लिए कोल्ड कंप्रेस बैग रखें। हालांकि अगर आपके पास कोल्ड कंप्रेस बैग नहीं है तो एक नरम तौलिये में कुछ बर्फ रखकर उसे अपने सिर पर रखें। इससे आपके सिर को काफी आराम मिलेगा।

# अनुष्का शर्मा ने बेटी वामिका के जन्म के बाद कराया नया हेयरकट

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. बेटी वामिका के जन्म के बाद से अनुष्का उसकी देखभाल में लगी हुई हैं. अनुष्का इन दिनों पति विराट और बेटी वामिका के साथ इंग्लैंड में हैं. विराट टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड गए हैं. वहां के मौसम को एंजॉय करते हुए अनुष्का तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. अब अनुष्का ने हेयरकट करवाया है जिसकी तस्वीर शेयर की है. अनुष्का ने अपने बाल छोटे करवा लिए हैं. फोटो में अनुष्का शॉर्ट हेयर के साथ व्हाइट कलर का टॉप और मस्टर्ड कलर का जैकेट पहना हुआ है. उनका लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है. अनुष्का ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- जब बेबी के जन्म के बाद बाल झड़ने लगे तो आपको अच्छे हेयरकट की



और तारीफ करने लगे. सोनम अपने शानदार हेयरस्टाइलिस्ट से कनेक्ट करवाने के लिए शुक्रिया. अनुष्का की तस्वीरों पर उनके फैंस कमेंट करके उनके नए हेयरकट की तारीफ कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा- आप ग्लो कर रही हैं. वहीं दूसरे फैन ने लिखा- शानदार. अनुष्का की इस फोटो को 10 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं. आपको बता दें अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इस साल की शुरुआत में माता-पिता बने थे. उन्होंने फरवरी में अपनी बेटी की तस्वीर शेयर करके उनका नाम सभी को बताया था. विराट और अनुष्का ने बेटी वामिका को सोशल मीडिया से दूर रखने का फैसला लिया है. उन्होंने कहा है कि वह वामिका की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करेंगे साथ ही फोटोग्राफर्स ने वामिका की तस्वीरें पोस्ट करने से मना किया था. अनुष्का शर्मा आखिरी बार फिल्म जीरो में शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ नजर आईं थीं. उसके बाद से उन्होंने बड़े पर्दे से ब्रेक लिया हुआ है. रिपोर्ट्स की माने तो अनुष्का ने ये ब्रेक अब साल 2022 तक बढ़ा दिया है।

## जयललिता के बाद अब इंदिरा गांधी बनने जा रही हैं कंगना रनौत



बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी दमदार अदाकारी के लिए पूरी इंडस्ट्री में मशहूर हैं. जहां एक्ट्रेस की फिल्मों की पसंद को बढ़िया माना जाता है. जहां अब कंगना के पास कई दमदार फिल्में जो उनके पास पाइपलाइन में पड़ी हुई है. जहां अब खबर है कि कंगना रनौत बहुत जल्द हमें भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में नजर आएंगी. कंगना पिछले कई साल से इस रोल को निभाना चाहती थीं. जहां उनके फैंस भी पिछले कई साल से उनके इस प्रोजेक्ट को लेकर खूब बात भी कर रहे थे. जहां अब एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर इसकी एक छोटी सी झलक भी दिखाई है. आपको बता दें, एक्ट्रेस ने अब से कुछ देर पहले ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ स्टोरी को पोस्ट किया है. जो अब वायरल हो रही है. कंगना ने इस स्टोरी में बताया है कि वो अब अपनी नई फिल्म की तैयारी को शुरू कर रही हैं. उन्होंने लिखा है कि सोचो की मणिकर्णिका फिल्म्स में अब क्या चल रहा है? जहां वो दूसरी तस्वीर में उन्होंने बताया है कि वो इंदिरा गांधी के लुक के लिए अपना बॉडी स्कैन करवा रही हैं. आपको बता दें, हाल ही में कंगना ने अपनी इस फिल्म के बारे में बात करते हुए बताया था कि वो बहुत जल्द इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी. लेकिन ये फिल्म उनकी बायोपिक नहीं होगी, ये एक ग्रैंड पीरियड ड्रामा फिल्म होगी. जिसमें राजनीति को लेकर खूब ड्रामा होगा, जिसपर बात करते हुए एक्ट्रेस ने बताया था कि इस फिल्म को देखते हुए मेरी पीढ़ी को वर्तमान भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को समझने में आसानी होगी. देखना होगा एक्ट्रेस की ये फिल्म कब रिलीज होती है।

# हुमा कुरैशी ने लेटेस्ट तस्वीरों में ग्लैमर और हॉटनेस का जलवा बिखेरा



एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपना मनचाहा लुक दे सकती हैं। एक आकर्षक सिल्हूट में ठाठ दिखने से लेकर मोनोक्रोम गाउन में लाइमलाइट चुराने तक, महारानी अभिनेता एक स्टनर हैं। अभिनेता ने अपने फैशन गेम को बढ़ाया है और हम उनकी स्टाइल डायरी को पसंद कर रहे हैं। एक शाही नीले रंग का साटन गाउन पहने हुए, जिसमें एक जांघ-उच्च स्लिट था, हुमा जानती है कि किसी भी लुक को कैसे निखारना है। एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में ग्लैमर और हॉटनेस का जलवा बिखेरा। भव्य गाउन को बेन्नू सहगल द्वारा डिज़ाइन किया गया है, इस पोशाक में एक कॉलर था और इसमें वी-नेकलाइन थी, यह एक बेल्ट के साथ आया था जिसने उसकी कमर को उभारा था। उन्होंने अपने लुक को स्टेटमेंट ईयररिंग्स, इट्टी ज्वैलरी के स्टेटमेंट रिंग्स के साथ कंप्लीट किया। उन्होंने सिल्वर हील्स से अपने लुक को पूरा किया। ग्लैम के लिए हुमा ने न्यूड लिपस्टिक के साथ डेवी मेकअप का विकल्प चुना। फोटोशूट के लिए उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स में खुला छोड़ा था। यह पहली बार नहीं है; हुमा ने मोनोक्रोम लुक में चार चांद लगा दिए। अपने पिछले आउटिंग के लिए, अभिनेता ने एक लाल रंग की शर्ट की पोशाक का विकल्प चुना, जिसमें एक जांघ-ऊँची स्लिट थी। काम के मोर्चे पर, हुमा अगली बार अभिनेता अक्षय कुमार के साथ बेल बॉटम में दिखाई देंगी। करण शर्मा द्वारा निर्देशित उनकी हाल ही में रिलीज़ हुई वेब सीरीज़ महारानी के लिए हुमा की सराहना की गई।

# बाजू और थाइज की अतिरिक्त चर्बी कम करने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



मोटापा एक ऐसी समस्या है जो शरीर के किसी भी हिस्से को अपना शिकार बना सकती है। बाजू और थाइज ऐसे ही हिस्से हैं जिनकी अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए लोग न जाने कितने तरीके अपनाते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता है। आइए आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिन्हें अपनाकर आप जल्द ही अपनी बाजुओं और थाइज की अतिरिक्त चर्बी कम कर सकते हैं।

## कॉफी और जैतून के तेल से करें स्क्रब

कॉफी और जैतून का तेल बाजुओं और थाइज की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए पहले इन दोनों सामग्रियों को बराबर मात्रा में एक कटोरी में मिलाएं और फिर इससे अपनी बाजुओं और थाइज की पांच मिनट तक सर्कुलेशन मोशन में मसाज करें। इसके बाद इन हिस्सों को प्लास्टिक फूड रैप से टाइट बांधकर 30 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें और फिर रैप को हटाकर बाजुओं और थाइज को साफ करें।

## नारियल के तेल और शहद का करें इस्तेमाल

नारियल और शहद में त्वचा को टाइट करने वाले गुण मौजूद होते हैं। सबसे पहले एक कटोरी में नारियल के तेल और शहद को बराबर मात्रा में मिलाएं। अब इसमें अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे डालें। फिर इस मिश्रण से अपनी बाजुओं और थाइज की पांच मिनट तक मसाज करें। इसके बाद अपनी बाजुओं और थाइज को प्लास्टिक फूड रैप से टाइट बांधकर एक घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें और अंत में रैप को खोल दें।

## सरसों के तेल से करें मसाज

सरसों के तेल की तासीर गर्म होती है जो शरीर की अतिरिक्त चर्बी को पिघलाकर उसे कम करने में काफी मदद कर सकती है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि सबसे पहले आवश्यकतानुसार सरसों के तेल को गुनगुना करें और फिर इससे अपनी बाजुओं और थाइज पर 5-10 मिनट तक सर्कुलेशन मोशन में मसाज करें। रोजाना सोने से पहले ऐसा करने से आपको काफी फायदा होगा।

## कॉफी और नारियल का तेल आएगा काम

कॉफी और नारियल के तेल का मिश्रण भी बाजुओं और थाइज की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में सहायक साबित हो सकता है। सबसे पहले पहले एक कटोरी में कॉफी और नारियल के तेल की बराबर मात्रा मिलाएं और फिर इस मिश्रण से अपनी बाजुओं और थाइज की मसाज करें। अब बाजुओं और थाइज को प्लास्टिक फूड रैप से बांधकर एक-दो घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर रैप प्रभावित हिस्से को साफ कर लें।

## 'गोरी मैम' सौम्या टंडन के हॉट अवतार ने ढाया कहर



सौम्या टंडन ने भले ही 'भाबीजी घर पर हैं!' काफी पहले छोड़ दिया हो, लेकिन फैन्स अभी भी उन्हें मिस करते हैं। सौम्या टंडन ने शो में गोरी मैम यानी अनीता भाभी का रोल प्ले किया था, जिसे अब नेहा पेंडसे निभा रही हैं। सौम्या टंडन ने बीते साल अगस्त में यह शो चिट कर दिया था। सौम्या टंडन अब सोशल मीडिया पर खूब ऐक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक स्टनिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अब सौम्या टंडन ने इंस्टाग्राम पर शॉर्ट्स में तस्वीरें शेयर की हैं और उनका बोल्ड अवतार देख फैन्स फिदा हो गए हैं। फैन्स के साथ-साथ मनमोहन तिवारी यानी रोहिताश्व गौड़ ने भी सौम्या टंडन की इन तस्वीरों पर कॉमेंट किया। रोहिताश्व गौड़ ने 'भाबीजी घर पर हैं!' में मनमोहन तिवारी का रोल प्ले कर रहे हैं। उन्होंने सौम्या की तस्वीर पर लिखा, 'बहुत खूबसूरत।' बस इसी कॉमेंट को देख यूजर्स ने रोहिताश्व गौड़ की खिंचाई करनी शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा, 'लगता है तिवारी जी आज भी पुरानी अनीता भाभी को ही चाहते हैं।' एक अन्य यूजर ने कॉमेंट किया, 'अरे तिवारी जी, विभूति जी पकड़के के मारेंगे आपको। भाभी जी को छेड़ रहे हैं।' कुछ दिन पहले सौम्या टंडन उस वक्त विवादों में फंस गई थीं जब उन पर फर्जी आईडी बनवाकर वैक्सीन लगवाने का आरोप लगा। हालांकि सौम्या टंडन ने उसका खंडन किया था और कहा था कि लोग इस तरह की फर्जी रिपोर्ट्स और दावों पर विश्वास न करें।

## आजाद से भाजपा फायदे में

कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे गुलाम नबी आजाद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इस इस्तीफे के साथ ही आजाद ने यह भी साफ कर दिया है कि वह नई पार्टी बनाएंगे। आजाद का यह कदम पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की तरह कैप्टन पार्ट 2 का बड़ा हिस्सा माना जा रहा है। यह राजनीतिक पारी गुलाम नबी आजाद अपने बेटे सद्दाम के साथ मिलकर शुरू करेंगे। गुलाम नबी आजाद कि कश्मीर में पकड़ का फायदा भाजपा को जबरदस्त रूप से मिल सकता है। यह बात अलग है कि चुनाव भले भाजपा के सिंबल पर न लड़ा जाए, लेकिन भाजपा और गुलाम नबी के बीच राजनीतिक समझौते की संभावनाएं जबरदस्त तरीके से बढ़ गई हैं। इस्तीफे के बाद सबसे ज्यादा कयास यही लगाए जा रहे थे कि गुलाम नबी आजाद का अगला कदम क्या होगा। गुलाम नबी आजाद ने इस्तीफा देने के बाद जम्मू-कश्मीर की आवाम से कहा है कि वह अब अपने राज्य की ओर रुख कर रहे हैं। आजाद ने कहा कि वे जल्द ही अपनी नई पार्टी का एलान करेंगे। जम्मू कश्मीर को जानने वाले कहते हैं कि कश्मीर में तमाम राजनीतिक संगठनों और बड़े नेताओं के बीच में गुलाम नबी आजाद की स्वीकार्यता जितनी है, उतनी शायद ही किसी दूसरे नेता की हो। यह बात अलग है कि कांग्रेस अपनी लचर नीतियों के चलते कश्मीर में बहुत बेहतर नहीं कर सकी, लेकिन अब कांग्रेस से आजाद होने के बाद गुलाम नबी आजाद कर सकते हैं। जम्मू कश्मीर में अगले कुछ महीनों के भीतर ही चुनाव होने हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी से अलग होकर गुलाम नबी आजाद अब कश्मीर में अपनी नई सियासी पारी पूर्ण रूप से स्वतंत्र होकर कर सकते हैं। गुलाम नबी आजाद खुद में एक बहुत बड़ी शख्सियत और स्वयं में बड़े राजनीतिक दल सरीखे हैं। यह बिल्कुल तय है कि गुलाम नबी आजाद जम्मू कश्मीर में अपने स्तर पर न सिर्फ राजनीतिक संगठन खड़ा कर सकते हैं बल्कि चुनाव में बहुत बड़ी भूमिका अदा करने वाले हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार इस बात के लिए भी गर्म है कि क्या आजाद की नई राजनीतिक पारी से जम्मू-कश्मीर में भाजपा को कोई बड़ा फायदा हो सकता है या नहीं। जिस तरीके से भाजपा ने आजाद को तवज्जो देनी शुरू की और पद्मभूषण जैसा बड़ा सम्मान दिया, तो माना जाने लगा था कि भाजपा और गुलाम नबी आजाद के बीच में नजदीकियां बढ़ रही हैं। चूंकि उन दिनों गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से नाराज चल रहे थे, तो इन चर्चाओं को और बल मिलने लगा कि आजाद कांग्रेस से मुक्त होकर भाजपा के साथ कुछ बड़ा कर सकते हैं। सिर्फ यही नहीं अगर आप राज्यसभा का वह वीडियो देखें जिसमें गुलाम नबी आजाद की विदाई हो रही थी और देश के प्रधानमंत्री मोदी की आंखों में आंसू थे, वह भी गुलाम नबी आजाद और भाजपा के बीच में बनने वाली एक बड़ी बॉन्डिंग का काम कर रहा था। बीते कुछ दिनों के ऐसे रिश्तों की मजबूत हो रही डोर के चलते अब राजनीतिक रूप से गुलाम नबी आजाद और भाजपा की नजदीकियां खुलकर बढ़ सकती है। निश्चित तौर पर भाजपा को गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस से आजाद होने का जम्मू कश्मीर के चुनावों में बड़ा फायदा मिलने वाला है। जिस तरीके से पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पंजाब में पार्टी से अलग होकर अपनी एक नई राजनीतिक पार्टी बनाई थी। ठीक उसी तरीके से गुलाम नबी आजाद भी जम्मू-कश्मीर में अपनी नई राजनीतिक पार्टी बना रहे हैं। आजाद के पार्टी छोडऩे से निश्चित तौर पर इससे कांग्रेस को न सिर्फ बड़ा झटका लगा है बल्कि भाजपा के लिए यह एक फायदे का इस्तीफा माना जा रहा है। आने वाले विधानसभा के चुनावों में अब कई तरह के विकल्प सामने आ रहे हैं।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद से क्यों दूर भाग रहें हैं गहलोत?

रमेश सर्राफ धमोरा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद म्यूजिकल चेयर बन गया है। कांग्रेस अध्यक्ष का पद कांग्रेस नेताओं के इर्द गिर्द घूम रहा हैं। मगर सभी नेता अध्यक्ष बनने से इनकार कर रहे है। कांग्रेस पार्टी के हर बड़े नेता चाहते हैं कि राहुल गांधी ही एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। मगर राहुल गांधी अध्यक्ष बनने से लगातार इंकार कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं को साफ शब्दों में कह दिया है कि वह किसी भी सूरत में कांग्रेस अध्यक्ष बनना नहीं चाहते हैं। वह बिना पद के ही पार्टी का काम करना चाहते हैं।

राहुल गांधी के इंकार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक, वर्किंग कमेटी की सदस्य कुमारी शैलजा सहित कई नेताओं के नाम अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हो गए हैं। मगर कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी चाहती है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अध्यक्ष का पद संभाले। अशोक गहलोत कांग्रेस पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता है। जो इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी के साथ काम कर चुके हैं। ऐसे में वह सब के साथ तालमेल बिठाकर काम कर सकते हैं।

जैसे ही कांग्रेसी हलकों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए अशोक गहलोत का नाम आगे आया वैसे ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अध्यक्ष बनने से इंकार कर दिया। गहलोत का कहना है कि राहुल गांधी ही अध्यक्ष के रूप में पार्टी को मजबूत कर सकते हैं। अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कई कार्य प्रारंभ किए थे। जिसका लाभ आने वाले समय में कांग्रेस को मिलेगा। गहलोत राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने के लिए 250 से अधिक बड़े नेताओं से समर्थन लेकर राहुल गांधी को मनाने का प्रयास कर रहे हैं।

गहलोत का कहना है कि मुझे राजस्थान की जिम्मेवारी मिली हुई है। जहां मेरा कार्यकाल बाकी है। अभी मैं राजस्थान की जनता की सेवा करना चाहता हूं। गहलोत का कहना है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री के साथ ही गुजरात में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें सोनिया गांधी ने वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ऐसे में वह अपनी दोनों जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर कर कांग्रेस की सरकार बनाएं। अभी वह इसी मिशन में लगे हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभालना उनके लिए अनुकूल नहीं है। यह सभी को पता है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता है। वे इंदिरा गांधी, राजीव गांधी व नरसिम्हा राव की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव, सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही गहलोत तीन बार राजस्थान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता, तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। राजस्थान में अशोक गहलोत कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरे हैं। बहुमत नहीं मिलने पर भी जोड़-तोड़ कर वह दूसरी बार सरकार बनाकर सफलतापूर्वक चला रहे हैं ऐसे में वह किसी भी स्थिति में मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ना चाहते हैं।

गहलोत को पता है कि यदि वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर जयपुर से दिल्ली जाते हैं तो उनके स्थान पर कांग्रेस आलाकमान उनके कट्टर विरोधी सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बना सकता है। जो गहलोत किसी भी स्थिति में नहीं होने देना चाहते हैं। अशोक गहलोत व सचिन पायलट के बीच छत्तीस का आंकड़ा किसी से छुपा हुआ नहीं है। दोनों नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते रहते है। कांग्रेस आलाकमान द्वारा अपने स्तर पर दोनों नेताओं के मध्य सुलह करवाने के उपरांत भी दोनों नेताओं के



मन अभी तक नहीं मिल पाए हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नहीं चाहेंगे कि उनके बाद पायलट राजस्थान में मजबूत होकर अपने पैर जमा सके।

गहलोत को पता है कि राजस्थान की राजनीति व दिल्ली की राजनीति में बड़ा फर्क है। राजस्थान की राजनीतिक को तो वह वर्षों से अपनी अंगुली पर नचा रहे हैं। मगर दिल्ली जाने के बाद ऐसा कर पाना संभव नहीं होगा। उनको पता है कि यदि वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन भी जाते हैं तो पार्टी तो गांधी परिवार के नियंत्रण में रहेगी। ऐसे में वह मात्र कठपुतली बनकर रह जाएंगे। ऊपर से राजस्थान भी उनके हाथ से निकल जाएगा।

अगले कुछ महीनों में गुजरात, हिमाचल प्रदेश की विधानसभाओं के चुनाव होने हैं। उसके बाद अगले साल कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभाओं के चुनाव होंगे। यदि विधानसभाओं के चुनावी नतीजे कांग्रेस पार्टी के मनमाफिक नहीं रहते हैं तो पूरी जिम्मेदारी उनकी मानी जाएगी। तब असफलता का ठीकरा उनके सर ही फूटेगा। गहलोत किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देना चाहते हैं। इसीलिए वह दिल्ली जाने के लिए आनाकानी कर रहे हैं।

कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी कि अपनी-अपनी वफादारों की मंडली है। जिन की सलाह पर यह नेता काम करते हैं। यदि गहलोत दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में इन वफादार नेताओं की बातों को अनसुना करते हैं तो उन्हें उनकी साजिशों का शिकार होना पड़ेगा। और उनका दिल्ली की राजनीति में टिके रहना मुश्किल हो जाएगा। अभी गहलोत राजस्थान में जैसा चाहते हैं वैसा ही पार्टी करती है। राजस्थान के अधिकांश मंत्री व विधायक उनके ही वफादार हैं। राजनीतिक नियुक्तियों में भी ज्यादातर गहलोत समर्थकों को बनाया गया हैं। पिछले दिनों राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीट के चुनाव हुये थे। जिनमें गहलोत ने कांग्रेस आलाकमान की पसंद को तवज्जो देते हुये तीनो ही बाहरी लोगों को चुनाव जीता कर भेजा था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक, रणदीप सिंह सुरजेवाला व प्रमोद तिवारी राजस्थान से राज्यसभा सांसद है। यह सभी दिल्ली की राजनीति में भारी-भरकम नेता माने जाते हैं तथा दिल्ली में गहलोत की खुलकर पैरवी करते हैं। दिल्ली में अपनी मजबूत लाबी के बल पर ही गहलोत पायलट को हासिये पर लगा पाये हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पांच बार लोकसभा, पांच बार विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं। गहलोत 1980 में पहली बार लोकसभा सदस्य बने थे और उसी दौरान 1982 में इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल में उप मंत्री बनाए गए थे। उसके बाद राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने पर भी गहलोत केंद्र सरकार में राज्य मंत्री बने थे। पी वी नरसिम्हा राव की सरकार में भी गहलोत को राज्यमंत्री बनाया गया था। इस तरह उनको तीन प्रधानमंत्रियों के मंत्रिमंडल में काम करने का अनुभव है। वही संगठन की दृष्टि से भी गहलोत इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, सीताराम केसरी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी के साथ काम कर चुके है। कांग्रेस में अभी उनसे पुराने नेता तो हो सकते हैं मगर उनसे वरिष्ठ नेता शायद ही कोई हो।

## कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था। महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठा व्यक्तियों को जन्म देती है। वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है।

न्याय व्यवस्था को प्रभावित करना है अपराधियों के पक्ष में शक्ति प्रदर्शन व उनका महिमामंडन (लेखक- निर्मल रानी / ईएमएस)

भारत के विश्व गुरु बनने के दावों के बीच हमारे देश में दुर्भाग्यवश एक नया चलन शुरू हो गया है। इसके अंतर्गत जाति,समुदाय व धर्म के आधार पर अपराधियों के पक्ष में जनसमर्थन जुटाते देखा जा रहा है। अपराधियों के पक्ष में किसी न किसी तरह का तर्क व कुतर्क गढ़कर अपराधियों की हौसला अफ़ज़ाई की जा रही है। सज़ायाफ़्ता अपराधियों के पक्ष में अनेक अख़बारों में आलेख प्रकाशित किये जा रहे हैं। धर्म विशेष,कथित उच्च जाति व दबंग क़िस्म के लोगों के समर्थन में प्रदर्शन,पंचायतें व रैलियां आयोजित की जा रही हैं। यहां यह कहने की ज़रुरत नहीं कि जहां जहां इसतरह की दुर्भाग्यपूर्ण व अन्यायपूर्ण घटनायें हो रही हैं उनमें राजनीति व राजनेताओं का खुला हाथ है। राजनैतिक लोग न्याय-अन्याय देखने के बजाये अपने %वोट बैंक % के नफ़े नुक़्सान के मद्देनज़र इसतरह के गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। यह उसी भारतवर्ष में हो रहा है जहाँ के बच्चे दशकों से %इंसाफ़ की डगर पे -बच्चों दिखाओ चल के -यह देश है तुम्हारा नेता तुम्हीं हो कल के % जैसे आदर्श व प्रेरणादायक गीत सुनते आ रहे हैं। यह उस देश में हो रहा है जहां बलात्कारियों,हत्यारों व अन्य जघन्य क़िस्म के अपराध करने वालों का सामाजिक बहिष्कार किया जाता था,उनका हुक़्क़ा पानी बंद कर दिया जाता था,लोग ऐसे लोगों से मिलना जुलना व रिश्ते रखना पसंद नहीं करते थे। परन्तु आज उसी देश में अपराधियों का महिमामंडन किया जा रहा है। ज़ाहिर है इसतरह की गतिविधियों का जहाँ देश के न्यायप्रिय लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है वहीं विदेशों में भी इसकी चर्चा हो रही है नतीजतन ऐसी गतिविधियां देश की बदनामी का कारक भी बन रही हैं।



विगत स्वतंत्रता दिवस को जिस तरह गुजरात सरकार द्वारा 11 दंगाई हत्यारों व बलात्कारियों को रिहा किया गया,उनके समर्थन व हमदर्दी में %क़सीदे % लिखे गये,मानवता के इन हत्यारों को एक विधायक द्वारा उनकी जाति के आधार पर उन्हें %अच्छा संस्कारी % तक बताया गया। गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर अदालत द्वारा दी गयी सज़ा का एक विधायक द्वारा यह कहकर अपमान किया गया कि %संभव है कि उन्हें फंसाया गया हो, अपराधियों के महिमामंडन में उन्हें तिलक लगाकर,मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया देश के इतिहास में शायद पहले ऐसा नहीं देखा गया । जिस बिल्क़ीस का व उसके साथ उसकी मां व अन्य महिलाओं का बलात्कार किया गया जिसकी तीन वर्षीय बेटी व अन्य कई रिश्तेदारों की हत्या कर दी गयी वह बिल्क़ीस मुसलमान बाद में थी,पहले वह एक महिला थी। यह उसी समुदाय की महिला थी जिस समुदाय की महिलाओं को तीन तलाक़ जैसी व्यवस्था से मुक्ति दिलाकर मुस्लिम महिलाओं का हमदर्द जताने की सत्ता द्वारा कोशिश की गयी थी।

गुजरात सरकार के इस अन्याय पूर्ण फ़ैसले की गूंज आख़िरकार अमेरिका तक जा पहुंची। और अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ( स्ह्वह्रक्रस्न ) ने इन 11 हत्यारों व बलात्कारियों की 'अनुचित' रिहाई की घोर निंदा की। आयोग के आयुक्त स्टीफन श्नेक ने यहां तक कहा कि यह रिहाई 'न्याय का उपहास' है, और 'सज़ा से मुक्ति के उस पैटर्न' का हिस्सा है, जिसका भारत में अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा के आरोपी लाभ उठाते हैं। उन्होंने कहा, कि '2002 के गुजरात दंगों में शारीरिक और यौन हिंसा के अपराधियों को उनके कृत्य के लिए ज़िम्मेदार ठहराने में विफलता, न्याय का मज़ाक़ भी है। हद तो यह है कि इन 11 लोगों को दोषी ठहराने वाले जस्टिस यूडी साल्वी ने भी उनकी रिहाई पर सवाल उठाते हुए यह कहा कि दोषियों को रिहाई करने से पहले गुजरात सरकार को अपराधों की गंभीरता उन्हें दी गई सज़ा तथा पीड़िता के पक्ष को भी ध्यान में रखना चाहिए था।

जघन्य अपराधियों को सत्ता के समर्थन,उनके पक्ष में धर्म व जाति के आधार पर भीड़ जुटाने और अपराधियों को महिमामंडित करने का यही चलन 2015 में उस समय दिखाई दिया था जब राजधानी दिल्ली के समीप दादरी में मोहम्मद अख़लाक़ के हत्यारों के पक्ष में सत्ताधारी नेता व हत्यारों की स्वधर्मी भीड़ इकट्ठी होकर पंचायतें करती दिखाई दी थी। झारखण्ड में भी यही रवैय्या उस समय देखा गया जब 2017 में हज़ारीबाग से

# सम्पूर्ण कायाकल्प अभियान: बेहतर स्वास्थ्य के लिए एक मिशन

### सूडोकु नवताल- 6177

★★★✭☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 6176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

निलय श्रीवास्तव

मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहाँ स्वास्थ्य सम्बंधी सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए एक स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। शासकीय चिकित्सालयों को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कर प्रदेश के लोगों को अधिक लाभ देने का प्रयास है। प्रसव के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी को दूर करने, बच्चों में कुपोषण की समस्या से निजात दिलाने तथा आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को सरलता से आवश्यकतानुसार उपचार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में सम्पूर्ण कायाकल्प अभियान की शुरूआत विगत् 8 अगस्त को की गयी थी। यह अभियान लोगों को स्वस्थ बनाये रखने के लिए एक कवच की तरह है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सम्बंधी सुविधायें उपलब्ध होने से अब बीमारियों से होने वाली मौतों की संख्या में भी कमी आयेगी। याद रहे कि मध्यप्रदेश में विगत् दो दशक से स्वास्थ्य सम्बंधी विभिन्न योजनायें एवं कार्यक्रम चलाकर लोगों को इस दिशा में जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में अब सम्पूर्ण कायाकल्प अभियान के अंतर्गत प्रयास होगा कि शासकीय चिकित्सालयों को सुसज्जित कर वहाँ आवश्यक उपकरण तथा संसाधन जुटाने के साथ ही स्वच्छता सम्बंधी नियमों का पालन कराया जाये। इन चिकित्सा केन्द्रों पर अधिक से अधिक संख्या में रोगियों का सरल प्रक्रिया के तहत् उपचार कर गुणवत्तापूर्ण



आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाने तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पताल तक उच्च तकनीकी उपकरणों से सभी आवश्यक जाँचे निःशुल्क करायीं जायेंगी। डायबिटीज जैसे घातक रोग के लिए करायी जाने वाले एच.वी.ए.वन.सी., हार्मोन की जाँच, कोविड, कैंसर, सिविल सेल, थैलेसीमिया जैसी महंगी जाँचें सभी जिला अस्पतालों में निःशुल्क करवाने का प्रावधान सम्पूर्ण कायाकल्प अभियान के तहत् रखा गया है। आयुष्मान एवं बी.पी.एल. कार्डधारकों के लिये दुर्घटनाग्रस्त होने पर निःशुल्क परिवहन की सुविधा होने के साथ ही शासकीय चिकित्सालयों की एम्बुलेंस को उन्नत तकनीक के साथ प्राथमिक उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है। प्रदेश भर के चिकित्सालयों में पहले 1445 एम्बुलेंस संचालित हो रहीं थीं जिन्हें बढ़ाकर अब दो हजार से ज्यादा किया गया है। एम्बुलेंस सेवा से हर माह लगभग एक लाख पच्चीस हजार लोगों को उपचार्थ सहायता देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पिछले कुछ समय से महिलाओं के प्रसव के दौरान देर से अस्पताल पहुँचने पर होने वाली मौतों का आँकड़ा बढ़ रहा था। इसे नियंत्रित करने के लिए उत्कृष्ट उपकरणों से सुसज्जित एम्बुलेंस चिकित्सा केन्द्रों को दी जायेंगी ताकि प्रसव के दौरान किसी अप्रिय घटना का सामना न करना पड़े। इस तरह जब लोगों को समय पर सुगमता से उपचार मिलेगा तब इस अभियान की सार्थकता स्वयंमेव साबित होगी। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य तथा चिकित्सा सेवाओं को सुलभ एवं बेहतर बनाने के साथ जरुरतमंद लोगों को समय पर बेहतर उपचार की सुविधा मुहैया कराने के लिये विभिन्न योजनायें तथा कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसके पीछे सरकार की सोच स्पष्ट है कि गरीबों को बीमारी के साथ इलाज के खर्च और फिर कर्ज की दोहरी मार से बचाया जा सके। प्रयास यह भी है कि मूलभूत अधोसंरचना के दीर्घकालीन कार्यक्रम किये जायें, जिनका लाभ लम्बे समय तक प्रदेश के लोगों को मिल सके। यहाँ बताते चलें कि मध्यप्रदेश ऑक्सीजन के मामले में आत्मनिर्भर हो गया है। ऑक्सीजन के 204 पी.एस.ए. प्लांट प्रारम्भ हो गए हैं। इसके अलावा 34 जिला चिकित्सालयों में 6 किलोमीटर की क्षमता वाले लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन टेंक स्थापित किये गए हैं। मध्यप्रदेश में अब 13 मेडिकल कालेज हो गए हैं। पब्लिक-प्रायवेट पार्टनरशिप आधार पर मेडिकल कालेज खोलने की दिशा में भी सरकार सुनियोजित प्रयास कर रही है।

## पाकिस्तान को मदद की जरुरत

वेदप्रताप वैदिक

पाकिस्तान में पहले से ही आर्थिक और राजनीतिक संकट गहराया हुआ है। अब प्राकृतिक संकट ने उसका दम फुला दिया है। घनघोर बरसात और बाढ़ के कारण लगभग आधा पाकिस्तान पानी में डूब गया है। सवा हजार से ज्यादा लोग मर चुके हैं। लाखों लोगों के घर ढह गए हैं। करोड़ लोगों को खाने-पीने की सांसत हो गई है। 4000 किमी की सड़कें उखड़ गई हैं। डेढ़ सौ से ज्यादा पुल ढह गए हैं। 2010 में भी लगभग ऐसा ही भयंकर दृश्य पाकिस्तान में उपस्थित हुआ था लेकिन इस बार जो महाविनाश हो रहा है, उसके बारे में प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा है कि ऐसा वीभत्स दृश्य उन्होंने अपनी जिंदगी में कभी नहीं देखा। यदि यही स्थिति दो-तीन दिन और बनी रही तो सिंधु नदी और काबुल नदी का उफनता हुआ पानी पता नहीं कितने करोड़ अन्य लोगों को अनाथ कर देगा। इस साल पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में हर साल के मुकाबले तीन गुने से ज्यादा पानी बरसा है। कुछ गांवों और शहरों में इस बार 8-10 गुना पानी ने खेत-खलिहान और बस्तियों को पूरी तरह डुबा दिया है। पाकिस्तान के 150 जिलों में से 110 जिले इस वक्त आधे या पूरे डूबे हुए हैं। यदि प्रकृति का प्रकोप इसी तरह कुछ दिन और चलता रहा तो पाकिस्तान की हालत अफगानिस्तान और यूक्रेन से भी बदतर हो सकती है। उसके नेता अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोश और कई मुस्लिम राष्ट्रों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। संयुक्तराष्ट्र संघ ने राष्ट्रों के नाम अपील जारी करके पाकिस्तान के लिए मदद मांगी है। ब्रिटेन ने 15 लाख पौंड भिजवाए हैं। ईरान, यूएई और सउदी अरब भी जल्दी ही मदद भिजवानेवाले हैं। यूएई 3000 टन अनाज और दवाइयां भी भिजवा रहा है लेकिन पाकिस्तान के कई पत्रकारों और नेताओं ने मुझसे फोन पर कहा है कि यदि इस मौके पर भारत भी मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो कमाल हो जाएगा। वैसे तो 2010 के संकट के समय मैंने खुद राष्ट्रपति आसिफ जरदारी को फोन करके पूछा था कि अगर भारत कुछ मदद पहुंचाए तो कैसा रहेगा? यही सवाल आज भी हमारे सामने है। हमने श्रीलंका, अफगानिस्तान और यूक्रेन को आड़े वक्त में मदद करके जो सदभावना अर्जित की है, वह अमूल्य है। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, शाहबाज शरीफ ने भारत के साथ आपसी रिश्ते सुधारने की बात पिछले हफ्ते ही कही थी। यों भी पाकिस्तान के सिंध, पख्तूनख्वाह और बलूच इलाके इस वक्त सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यदि नरेंद्र मोदी सरकार इस वक्त मदद की पहल करे तो उससे दो लक्ष्य पूरे होंगे। एक तो दक्षिण एशिया के वरिष्ठ राष्ट्र होने का दायित्व हम निभाएंगे।

# ब्राह्मण समाज ने प्रीतम लोधी को गिरफ्तार करने रैली निकालकर किया प्रदर्शन, पुलिस को दिया ज्ञापन



## मुरैना पुलिस ने आरोपी को तीन दिन में गिरफ्तार करने का दिया आश्वासन

**मुरैना।** भाजपा से निष्कासित नेता प्रीतम लोधी के खिलाफ सोमवार को ब्राह्मण समाज ने एकजुटता दिखाते हुए उसकी गिरफ्तारी करने के लिए रैली निकालकर पुरानी कलेक्ट्रेट पर नगर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया और कहा कि ब्राह्मण समाज प्रीतम लोधी के ब्राह्मण विरोधी बयान से बहुत आहत हुआ है। प्रीतम लोधी के बयान पर ब्राह्मण समाज में भारी अक्रोश पनप रहा है, जो कभी भी विकराल रूप ले सकता है। सोमवार को बड़ोखर स्थित भगवान परशुराम के मंदिर पर सुबह से ही ब्राह्मण समुदाय का जमावड़ा एकत्रित हो गया, वहां से रैली निकालते हुए ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेताओं सहित लगभग 500 से अधिक लोगों ने पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर लोधी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह ने बताया कि लोधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक ने तीन दिन के अंदर लोधी को गिरफ्तार करने के आदेश दे दिए हैं। ज्ञात हो कि भाजपा नेता प्रीतम सिंह के द्वारा वीरांगना अवंती बाई लोधी की 191 वी जयंती के मौके पर शिवपुरी के बदरवास स्थित एक गांव में छात्र सम्मान कार्यक्रम में भाषण दिए गए, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। इस वीडियो में प्रीतम लोधी ने कहा कि ब्राह्मण लोगों को बेवकूफ बनाते हैं और महिलाओं पर गंदी नजर रखते हैं। यहां आकर कुछ ब्राह्मण भागवत के नाम पर पैसे की उगाही करते हैं, लोगों को बरगलाते हैं और 9 दिनों तक रोज 7 से 8 घंटे तक पागल बनाते हैं ! उनकी बातों में आकर महिलाएं अपने घरों से घी, शक्कर, गेहूं, चावल चुरा- चुरा कर उनके चरणों में अर्पित कर देती हैं, इसे अपने ब'चों को देने की बजाय ब्राह्मण देवता को दिया जाता है। प्रीतम लोधी ने यह भी कहा कि ब्राह्मण पूरे गांव से दान दक्षिणा लेता है और रफू चक्कर हो जाता है तथा खा-खाकर ब्राह्मण लाल हो गया है। प्रीतम लोधी यहीं नहीं रुके और उन्होंने कहा कि भागवत करने वाला ब्राह्मण महिलाओं पर बुरी नजर रखता है। इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल प्रीतम लोधी द्वारा किया गया है। इस बयान से पूरे प्रदेश के साथ मुरैना जिले के ब्राह्मणों में अभी आक्रोश फैल गया और कोतवाली में एफ आई आर दर्ज कराई गई। ज्ञापन देते समय दिनेश डंडोतिया, राम लखन दंडोतिया, रामप्रकाश राजौरिया, राजेन्द्र शर्मा र÷ू, प्रमोद शर्मा हुसैनपुर, विक्रम राज मुद्गल, हरिओम शर्मा, कल्लू दंडोतिया, राजीव शर्मा, विवेक तिवारी, देवदत्त उपाध्याय, हरीश पाठक, दीपक शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रेलवे अंडर ब्रिज में लग रहा जाम, जनता परेशान

**मुरैना।** महादेव नाका स्थित रेलवे अंडर ब्रिज बनने के बाद से आम जनता के लिए मुसीबत बन गया है और इसके मुहाने पर वाहनों एवं अन्य लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने से आवागमन व्यवस्था बाधित हो रही है। सोमवार की सुबह जाम लगने के कारण सैकड़ों वाहन चालक अंडर ब्रिज में फंसे रह गए और उनकी जान पर बन आई। इस गंभीर होती समस्या की ओर रेलवे एवं जिला प्रशासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिससे आम जनता में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञातव्य रहे कि जब से रेलवे क्रॉसिंग के नीचे अंडर ब्रिज निर्मित हुआ है, तभी से यह आम जनता के लिए मुसीबत बन गया है। इसके दोनों ओर मुहाने पर ई-रिक्शा, हाथ ठेले एवं अन्य अतिक्रमण होने के कारण वाहन चालक निकल नहीं पाते और कई बार अंडर ब्रिज में जाते एवं आते समय लोग फिसल जाते हैं। अंडर ब्रिज के दोनों मुहाने पर होने वाले अतिक्रमण को पुलिस द्वारा नहीं हटाया जा रहा है, जिससे यह समस्या गंभीर बनती जा रही है, वही बरसात के मौसम में अंडर ब्रिज के अंदर पानी भर जाता है, तब इसमें से निकलना आम जनता के लिए मुश्किल हो जाता है। इस गंभीर समस्या के प्रति रेलवे प्रशासन एवं जिला प्रशासन कतई चिंतित नजर नहीं आता और जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है।



## 29 अगस्त को जौरा मैं टीआरएस स्कूल ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

**मुरैना।** टीआरएस ग्लोबल स्कूल के स्पोर्ट्स कोच उपेंद्र गुर्जर (सचिन) ने बताया कि निदेशक अभय खेड़कर के आदेश अनुसार यह राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रत्योगताएं कराई गई, जिसमें कबड्डी और 100 मीटर दौड़ और अन्य प्रत्योगताएं आयोजित की गई। जिसमें छात्र और छात्राओं ने बड़ चडकर हिस्सा लिया। इस दौरान स्कूल की तरफ से बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को समाननित किया गया। निदेशक खेड़कर ने बताया कि आगे भी टीआरएस स्कूल ऐसे ही प्रत्योगताएं करता रहेगा। उनहोंने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए आवश्यक है, खेल से हमरा शरीर स्वस्थ रहता है।



## सामाजिक सौहार्द बढाने में सहायक होती हैं खेल स्पर्धाः नगाईच

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर क्रीड़ा भारती ने 20 खिलाड़ी बालिकाओं व 10 कोच का किया सम्मान

**अम्बाह।** खेल दिवस के उपलक्ष में क्रीड़ा भारतीय संस्था द्वारा अंचल की संभागीय एवं रा'य स्तरीय कबड्डी बालिका खिलाड़ियों का मैच ब्राइट कैरियर एकेडमी खेल परिसर में आयोजित किया गया। अत्यंत रोचक मुकाबलों में फाइनल में पहुंचीं पीटीऊषा टीम और मीराबाई चानू टीम के बीच हुआ, जिसमें कड़े संघर्ष के बाद पीटीऊषा टीम विजयी रही। खिलाड़ियों को आचार्य आनंद टीम की ओर से पुरस्कार स्वरूप मेडल वितरित किए गए। इस अवसर पर कीड़ा भारतीय की दिव्यांग शाखा के प्रांत प्रमुख अरविंद मावई ने 20 बालिका खिलाड़ियों और 10 कोच अधिकारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है इसके साथ-साथ खेल स्पर्धा सामाजिक सौहार्द को बढ़ाती हैं, भेदभाव को खत्म करती हैं और संबंधों में समरसता आती है इसलिए समाज में खेल स्पर्धाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

# राठौर समाज विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक हुई संपन्न

**मुरैना।** राठौर समाज मुरैना की बैठकगत रविवार को वीर दुर्गादास राठौर पार्क मुरैना पर शाम 05 बजे संपन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता विशाल सिंह राठौर लहर ने की व बैठक का संचालन मुन्ना लाल राठौर विन्डवा ने किया। राठौर समाज में अक्षय तृतीया पर होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलन का अध्यक्ष सर्वसम्मति से रामजीलाल राठौर खवरौली को बनाया गया। 22 नवंबर को वीर दुर्गादास राठौर पुण्यतिथि समारोह के संचालन के लिए 0× वर्ष के लिए सर्वसम्मति से भारत सिंह राठौर पूर्व पार्षद को अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में संगठन विस्तार एवं समाज की एकजुटता के लिए रजिस्टर्ड सामाजिक संगठनों द्वारा सामाजिक आयोजन करने पर भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रजिस्टर्ड संगठनों के पदाधिकारी ही सामाजिक आयोजनों का खर्चा बहन करेंगे, समाज से किसी भी प्रकार का चंदा नहीं लिया जाएगा। रजिस्टर्ड संगठनों को आय-व्यय का लेखा जोखा वार्षिक ओडिट कराने के बाद समाज के समक्ष रखना होगा। राजेश राठौर द्वारा बैठक में उपस्थित समाज बंधुओं का आभार किया गया। नवनियुक्त अध्यक्षों ने वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाज की हित कार्य करने का संकल्प लिया। उपस्थित सभी समाज बंधुओं द्वारा नवनियुक्त अध्यक्षों का पुष्प मालाओं से स्वागत कर होंसला बढाया। बैठक में दिलीप सिंह राठौर, रामविलास राठौर, रामकेश राठौर, गिद्दावल राठौर, लालाराम राठौर, रामवीर राठौर, रामखिलाड़ी राठौर, रामसेवक राठौर, सुरेश राठौर नेताजी, राजू राठौर, लवलेश राठौर, राकेश राठौर, रमेश राठौर आदि सैकडो राठौर समाज के लोग उपस्थित रहे।



# रैंकिंग नॉर्थ ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मुरैना के वरूण व माधव ने दिखाया हुनर

**मुरैना।** गत 27 व 28 अगस्त 2022 को चंडीगढ़ में इंडियन ताइक्कांडो एसोसिएशन की ओर से रैंकिंग नॉर्थ ताइक्कांडो चैंपियनशिप का आयोजन वर्ल्ड ताइक्कांडो द्वारा किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश प्रशिक्षक ताइक्कांडो मनोज शिवहरे ने अपनी टीम को पार्टिसिपेट कराया, जिसमें जूनियर वेट केटेगरी 59 किलोग्राम में मास्टर मनोज शिवहरे के बेटे वरुण शिवहरे ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया एवं माधव सिंह भंडारी ने अंडर 5× किलोग्राम क्रेडिट वेट केटेगरी में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। उक्त प्रतियोगिता चंडीगढ़ के सेक्टर 42 में बैडमिंटन व बास्केटबॉल हॉल में प्रारंभ हुई थी यह दोनों ब'चों को इंडिया की रैंकिंग में नाम दर्ज हुआ है रैंकिंग खेलने वाले ताइक्कांडो प्रशिक्षक के ब'चों को ही इस में भाग दिया गया था, ओरिजिनल प्रतियोगिताओं का सिलसिला भारत के अंदर लाइसेंस धारी कोचों के ब'चों को दिया जाता है जिसमें यह सौभाग्य मास्टर मनोज शिवहरे, कामिनी शिवहरे को प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार आने वाली जितनी भी प्रतियोगिताएं होंगी उसमें रैंकिंग के हिसाब से सिलेक्शन होंगे तथा प्रतियागी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस दौरान मास्टर मनोज शिवहरे को ऑर्गेनाइजर आईटी विनोद कुमार के द्वारा ऑफिशियल मोमेंटो से नवाजा गया।



# मचैला पर स्नान कर हजारों लोगों ने बाबू महाराज के दर्शन कर मांगी स्वस्थ काया

**झुण्डपुरा।** नगर के वार्ड क्रमांक चार करजोनी में पिछले 15 दिनों से चल रहे मेले के समापन से एक दिन पूर्व हजारों की संख्या में श्रध्दालु उमडे। चम्बल नदी के मचैला घाट पर स्वस्थ काया की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने स्नान कर बाबू महाराज के दर्शन किए। झुण्डपुरा से 9 किलोमीटर बीहडी रास्ते, एवं उमस भरी गर्मी भी श्रद्धालुओं के होसले कम.नहीं कर सके और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने पहुंचे। झुण्डपुरा क्षेत्र के करजोनी मे चम्बल के किनारे पर प्राचीन बाबू महाराज का मन्दिर स्थित हैं। जहां भाद्रमास मे 15 दिवसीय वार्षिक मेला लगता है। जहाँ चम्बल के मचैला घाट पर स्नान करने का बिशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि मचैला घाट पर स्नान करके बाबू महाराज के दर्शन करने से सभी चर्मरोग(सफेद दाग) ठीक हो जाते है तथा कंचन काया मिलती हैं। माताओं की सूनी गोद भर जाती हैं। रविवार को हजारों श्रद्धालु दुर्गम बीहड और कीचड़, फिसलन भरा क'चा रास्ता होने के बाबजूद पैदल यात्रा करते नजर आए। यात्रियों की परेशानी देखते हुये स्थानीय लोगों ने सिमरौदा गांव में, झुण्डपुरा आरा के पास, पसार वाले हनुमानजी मन्दिर पर, सिंहपुरा मोड पर, घटा वाले हनुमान मंदिर सहित दर्जनों स्थानों पर निःशुल्क जल पान, फल, बिस्कुट, पूडी सब्जी, पुआ, बूंदी सहित विश्राम एवं रुकने की व्यवस्था की।



## जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने एसपी को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम जतावर मैं शनिवार की सुबह प्रयाग नारायण शर्मा एवं सतीश शर्मा ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया और बंदूक का भय दिखाकर धमकाया तथा कहा कि जमीन जोतने गए तो गोली से उड़ा दिए जाओगे। इस मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने जैसे-तैसे रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन अभी तक आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पीड़ित लोगों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लाइसेंसी बंदूक जप्त करने की मांग की है। ज्ञापन में ब्रज भूषण शर्मा निवासी जतावर ने बताया कि 27 अगस्त शनिवार को प्रयाग नारायण शर्मा घर में बंदूक लेकर आ गया और गंदी- गंदी गालियां फरियादी के बाबा पंडित संतोषी लाल शर्मा तथा दीपक शर्मा को देने लगा, जब विरोध किया तो वह धमकाने लगा और उसके साथ सतीश शर्मा लाठी लेकर आ गया तथा भाई में लाठी मारी। आरोपीगण गांव में जमीन नहीं जोतने देने की बात कर रहे थे और यह भी धमकी दी कि अगर जमीन जोतने गए तो जान से मार दिए जाओगे। इस घटना की रिपोर्ट कई घंटे तक थाने में बैठने के बाद बड़ी मुश्किल से दर्ज की गई।

# शासकीय अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर आंदोलन जारी

## 27वें दिन भी रही जारी भूख हड़ताल, आज सत्याग्रह कर दिया जाएगा ज्ञापन




**कैलारस।** नगरीय क्षेत्र में आधी से 'यादा आबादी को परंपरागत रूप से अस्पताल पहुंचने के लिए अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर 27 दिनों से लगातार आंदोलन जारी है। नगर में ब्रॉडगेज निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। अभी तक 50 हजार से 'यादा आबादी वाले नगर में बस स्टैंड के लिए 2 अंडर ब्रिजों के अलावा केवल एक गांधी मार्ग पर रखा गया है। नागरिकों की ओर से लगातार अस्पताल के परंपरागत आवागमन को जारी रखने के लिए कृष्ण मार्ग के सामने अंडर ब्रिज बनाए जाने की मांग की जा रही है। इसके लिए आंदोलन की अगली कड़ी में सोमवर को 27 वें दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। भूख हड़ताल पर नरेश जाटव, मिथुन जाटव, अशोक जाटव और दर्शन लाल यादव प्रमुख रूप से बैठे। इसके अलावा बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों ने आंदोलन का समर्थन किया। नागरिकों ने निर्णय लिया है कि आज ×0 अगस्त को आबादी के लोगों की ओर से तहसील पर सत्याग्रह कर मंत्री गणों और अफसरों के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

# ना दहेज चाहिए ना सामान, हमें तो सिर्फ बहू के रूप में बेटी चाहिए: राकेश

**जौरा।** अखिल भारतीय अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन में जौरा नगर की धरती पर पहली बार आयोजित किए गए अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन में बाड़ी राजस्थान से आए सेवानिवृत्त प्राचार्य युवक प्रत्याशी के पिता राकेश मित्तल ने कहा कि ना हमें दहेज चाहिए ना ही सामान, हमें तो सिर्फ बहू के रूप में बेटी चाहिए जो परिवार का अ'छी तरह से संचालन कर सके। रविवार को इस्लामपुरा रोड स्थित टाउन हॉल में अखिल भारतीय अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन में देश प्रदेश से पधारे युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय देते हुए कहा कि उन्हें जीवनसाथी के रूप मे बिना दहेज वाला जीवन साथी चाहिए। इसके अलावा जिले भर के एक सैकड़ा से अधिक युवक-युवती प्रत्याशियों ने मंच से अपना परिचय देते हुए कहा कि हमें पढ़ा लिखा सुख दुख में साथ देने वाला, और भावनाओं को समझने वाला एवं हमारे परिवार का ख्याल रख सकेने वाले जीवन साथी मिलने की बात कही। कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार ने कहा कि आज सभी समाज अग्रवाल समाज द्वारा प्रचलित नियमों का पालन कर रहे हैं जो निश्चित रूप से अग्रवाल समाज के लिए गौरव की बात है। वहीं समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन कहा कि परिचय सम्मेलन के माध्यम से हुए रिश्तो में कोई परेशानियां नहीं आती। समिति द्वारा जौरा में रविवार को आयोजित 9× वें सम्मेलन के अवसर पर समिति के राष्ट्रीय संरक्षक भाजपा नेता वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश मित्तल ने कहा कि समाज के लिए यह गौरव की बात है कि इस तरह का पहला कार्यक्रम जौरा में अयोजित हुआ। परिचय सम्मेलन के अवसर समिति द्वारा प्रकाशित की गई परिचय स्मारका में ×90 युवक-युवतियों ने अपने पंजीयन कराए थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर जनपद अध्यक्ष प्रिया नरेंद्र सिकरवार, न. पा.अध्यक्ष राजू अखिल माहेश्वरी, अंजना ब्रजेश बंसल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शारदा मित्तल, ऊषा सिंघल, ओम प्रकाश सखलेचा, अशोक गुप्ता, सुनील मंगल, उमा गुप्ता, ऊषा गुप्ता आयोजन समिति के सदस्य रोबिन मित्तल, सौरभ गुप्ता, हर्ष जिंदल, अभिषेक गुप्ता, प्रशांत सिंघल, प्रांशु गुप्ता, अविनाश सिंघल, आकाश अग्रवाल, मनीष मित्तल सहित कई सदस्य एवं समाज बंधु मौजूद थे।



# खेल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन






**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। जिला खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स उत्सव का आयोजन किया गया। सभी को ऐरोबिक्स कराया गया। उसके बाद ट्रेज़र हंट किया गया। फिर मलखंब के खिलाड़ियों द्वारा मलखंब का प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल द्वारा शिवपुरी पेडलर्स साइकल क्लब का उद्घाटन किया। खेल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह साइकिल रैली खेल स्टेडियम से रवाना होकर सेलिंग क्लब तक पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि फिट रहने के लिए खेल एक अच्छा माध्यम है। प्रतिदिन किसी न किसी खेल के माध्यम से व्यायाम करें जिससे फिट रह सकें। साइकिलिंग भी इसका एक अच्छा विकल्प है।

## थाना कैलारस पुलिस व्दारा दुकान मे चोरी के आरोपी को 03 दिन में गिरफ्तार कर चोरी गया माल मशरूका जप्त किया




**केशब पंडित जी अम्बाह**

**मुरैना ।** फरियादी शिवकुमार सिंघल पुत्र बद्रीप्रसाद सिंघल उम्र 59 साल निवासी अलोपी गली कैलारस द्वारा मेरी पहाड़गढ रोड गल्ला मण्डी के पास किराने की दुकान है कल दिनांक 25.08.22 को कोई अज्ञात व्यक्ति रात मे मेरी दुकान से चोरी कर ले गया है, चोरी होने के सबंध में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिसके संबंध मे वरिष्ठ अधिकारियो को घटना के संबंध में अवगत कराया गया उसके बाद दिनांक 27.08.22 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि चोरी करने वाले आरोपी अपने गांव में आया है आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी से चोरी किया गया माल जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी0 वेदेंद्र सिंह कुशवाह, उनि अमर सिंह राजावत, उनि वीरसिह जौनवार, उनि प्रीति जादौन, उनि राममंत्र गुप्ता, सउनि धर्मेन्द्र सिंह, राजावात, सउनि देवसिंह, मय प्रआर.श्यामवीर सिह प्रआर अशोकपाल व प्रआर.मुरलीधर शर्मा, प्र.आर.पंचम सिंह, आर दीपेन्द्र व आर शिवकुमार आर.विष्णु शर्मा, आर.वीरपाल आर. महेंद्र शर्मा, आर ब्रजराज आर सुरेन्द्र सिंह कुशवाह, आर राकेश कुशवाह, आर सूरज सेमिल, आर.देवेन्द्र सिंह घुरैया, आर अरमान शाह, आर.रोहित घनघोरिया, आर धर्मेन्द्र सिंह,आर रिन्कू धाकड, आर. श्यावरण धाकड, आर.राजकुमार, की सराहनीय भूमिका रही।

## विधुत सप्लाई सही न मिलने की वजह से परेशान किसान पहुंचे विधुत विभाग,दिया आवेदन



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** इन दिनों धान का सीजन चल रहा है जिसके चलते विधुत सप्लाई सुचारू रूप से न मिलने की वजह से किसानों की फसल दाव पर लगी है।दरअसल सोमवार को दबोह क्षेत्र के ग्राम मुरावली के किसान एकत्रित होकर दबोह विधुत विभाग कार्यालय पहुंचे।जहां पर किसानों ने दबोह विधुत विभाग इंजीनियर अशोक डावर को एक आवदेन सौंपा।जिसमे धान के सीजन चलते विधुत सप्लाई सुचारू रूप से देने की मांग किसानो के द्वारा की गई।किसानों का कहना है कि अगर विधुत सप्लाई सही से न मिली तो हमारी सारी फसल खराब हो जाएगी।वहीं किसानों की बाद सुनने के बाद जूनियर इंजीनियर अशोक डावर ने किसानों को विधुत सप्लाई को लेकर हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया।उन्होंने कहा कि बरसात के चलते विधुत सप्लाई में आये दिन बाधा उत्पन्न हो रही है जिसके चलते परेशानी आ रही है।फिलहाल तो विधुत सप्लाई को जल्द चुस्त दुरुस्त किया जाएगा।इस दौरान आवेदन देने वाले किसानों में जनक सिंह कौरव,साहब सिंह,विक्रम सिंह,शंकर सिंह,दशरथ सिंह,अभिलाख सिंह कौरव,अशोक सिंह,कोक सिंह,धीरज सिंह,रुस्तम सिंह,दंगल सिंह,अवधेश सिंह,बाबूलाल बघेल,रामकुमार दुबे,अवधेश पटेल,रोशन सिंह,रविंद्र सिंह,रोहित सिंह,अजीत पटेल आदि किसान मौके पर मौजूद रहे।

## इकाई अध्यक्ष जवाली से अजय जैन बने भाजपा युवा मोर्चा बिजोवा मण्डल उपाध्यक्ष



**पुष्पांजलि टुडे। नरेश कुमार सीरवी**

**रानी पाली। बिजोवा** - भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा के निदैशानुसार भाजपा पाली जिलाध्यक्ष मंशाराम परमार , युवा मोर्चा पाली जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल ओझा , मारवाड़ जंक्शन पूर्व विधायक केसाराम चौधरी के निदैशानुसार भाजपा युवा मोर्चा बिजोवा मण्डल अध्यक्ष दिनेश सिंह सिसोदिया ने युवा मोर्चा बिजोवा मण्डल उपाध्यक्ष पद पर अजय जैन को मनोनीत किया ।जैन सगठन में रहते हुए समाज सेवा पशु पक्षियों , गौ माता , मानव कल्याण, प्राणी मात्र , बेटी बचाओ इत्याति कार्यो को बेखूबी से निभाया है ।अजय जैन ने आशा व विश्वास जताया की भारतीय जनता पार्टी सगठन का विस्तार एवं मजबूती प्रदान करते हुए ईमानदारी से चलाएंगे । इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा पाली जिलाध्यक्ष मनोहर कंवर राठौड़ , भाजपा जिला मंत्री रेखा जैन , लक्ष्मी सीरवी , जिला उपाध्यक्ष सुमित्रा राजपुरोहित , सोजत के समाजसेवी व सोजत भाजपा मण्डल मंत्री महेश सोनी , जिला उपाध्यक्ष नारायण कुमावत , महिला मोर्चा पाली जिला , पाली जिला मीडिया प्रभारी मनीषा राखेचा , मारवाड़ जंक्शन मण्डल महामंत्री रेखा चौहान व गौ भक्त नरपत घांची जवाली , वरिष्ठ फतेह सिंह , महामंत्री उत्तम सिंह, मोहन मारू, रामलाल प्रजापत, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष छत्रपाल वरकाणा, युवा मोर्चा जिला मंत्री जन्म जय सिंह, लक्ष्मी चौधरी, छतर सिंह जवाली, दुदा राम सांवलता, सुरेन्द्र सिंह देवली, मुकेश कुमार बोस कल्याणपुरा , आदि लोगो ने बधाई व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

## प्रदेश मे नम्बर बन होगा भिण्ड क्योंकि हर पंचायत व नगर में युवा मोर्चा का होगा गठन - कुशवाह

**भिण्ड /** जिले के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष जी एवम जिले के प्रभारी कुलदीप यादव जी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रांत सिंह कुशवाह जी के नेतृत्व में बताया गया भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व ने आजादी के 75 वर्षगांठ के




अवसर पर 75 लाख वृक्ष लगाकर उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया है। बैठक में इस हरा भरा मध्यप्रदेश अभियान के निमित्त विधानसभा प्रभारी मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की गई। भाजयुमो जिला भिण्ड नगर स्तर पर वार्ड प्रभारी व पंचायत स्तर पर समितियां बनाने पर भी चर्चा हुई।भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भिण्ड ने भी एक लाख से अधिक वृक्ष लगाने का लक्ष्य लिया है। जिस के निमित्त आज भिण्ड रेस्ट हाउस पर भाजयुमो जिला भिण्ड की जिला बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी कुलदीप यादव, जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सिंह कुशवाह,मंच का संचालन भिंड विधानसभा प्रभारी रामख्यातर सिंह गुर्जर द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से जिले के सभी पदाधिकारी एवं सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे

## भाण्डेर मे विश्वकर्मा जन संगठन का सदस्यता ग्रहण एवं टीशर्ट वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ



आज ग्राम सदका तह.भाण्डेर जिला दतिया मे विश्वकर्मा जन संगठन के भाण्डेर विधानसभा के अध्यक्ष श्री कालीचरण विश्वकर्मा जी के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण,टीशर्ट वितरण एवं सामाजिक परिचर्चा का कार्यक्रम रखा गया ।जिसमें अतिथि के रूप में विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री हरिओम विश्वकर्मा जी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा जी प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.बेताल विश्वकर्मा जी दतिया ग्रामीण प्रभारी श्री संजय विश्वकर्मा जी दतिया ग्रामीण अध्यक्ष श्री सुल्तान विश्वकर्मा जी ग्वालियर समिति के अध्यक्ष श्री छबिराज विश्वकर्मा जी ग्वालियर पूर्व अध्यक्ष श्री जुगलकिशोर विश्वकर्मा जी ग्वालियर महानगर अध्यक्ष श्री वीरसिंह विश्वकर्मा जी एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति मैं कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं उनके द्वारा बताया गया कि हम समस्त विश्वकर्मा वंशियों को एकजुट होकर समाज हित मे काम करना चाहिए एवं श्री विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य मैं 25 सितंबर को ग्वालियर मैं भव्य कार्यक्रम करने के लिए हमें संकल्पित होकर तन मन धन से सहयोग करना है और कार्यक्रम को सफल बनाना है इस अवसर पर श्री राहुल विश्वकर्मा श्री अर्पित विश्वकर्मा श्री लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा श्री भूपेंद्र झा सरसई श्री महेंद्र विश्वकर्मा इंदरगढ़ श्री नंदलाल विश्वकर्मा श्री प्रेम कुमार विश्वकर्मा श्री पवन कुमार विश्वकर्मा श्री शिवचरण विश्वकर्मा श्री नंदलाल विश्वकर्मा श्री दयानंद शंकर विश्वकर्मा श्री गणेशराम विश्वकर्मा श्री चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा श्री गोपाल विश्वकर्मा श्री संतोष विश्वकर्मा जी जमुना श्री रामजी लाल प्रसाद विश्वकर्मा जी श्री दया शंकर विश्वकर्मा जी श्री चंद्रशेखर विश्वकर्मा जी श्री जमुना प्रसाद विश्वकर्मा जी श्री हरी लाल विश्कर्मा जी इंदरगढ़ श्री अभिषेक विश्वकर्मा जी श्री राकेश विश्वकर्मा जी दोहर श्री सुदामा विश्वकर्मा सह सचिव श्री मोनू विश्वकर्मा उपाध्यक्ष ग्वालियर महानगर श्री घनश्याम विश्वकर्मा उपाध्यक्ष डॉ. गोविंद विश्वकर्मा भिण्ड ग्वालियर महानगर रवि विश्वकर्मा विधानसभा अध्यक्ष पवन विश्वकर्मा इत्यादि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## करोड़ों की लागत से बने स्टेडियम अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है卐 यहां के खिलाड़ी सुविधाओं के मोहताज है स्टेडियम के मैदान में खरपतवार ने जगह बना ली है





**जिला ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**गरियाबंद-** जिला मुख्यालय के गरियाबंद नगर में 4 करोड़ 7 लाख की लागत से 4 वर्ष पूर्व स्टेडियम का निर्माण किया गया है, वर्तमान में इस स्टेडियम की हालत यह है कि आउटडोर मैदान में खरपतवार उग गए हैं, यहां खेलने के लिए खिलाड़ी नजर आना चाहिए तो वही मवेशियों का डेरा रहता है, कॉमेंट्री भवन के पोर्च तक आसानी से आप जा नहीं सकते, क्योंकि खरपतवार ने पेड़ की शक्ल ले ली है। एक तरह से देखा जाए तो स्टेडियम अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है, इस स्टेडियम में साफ सफाई का अभाव है। उल्लेखनीय है कि आज राष्ट्रीय खेल दिवस है, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के मौके पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है, खिलाड़ी उपेक्षित है, सुविधाओं की भी कमी है,यहां खिलाड़ियों के खेलने के लिए दो खेल के मैदान जरूर हैं,इन मैदानों की हालत खराब है, जहां गांधी मैदान में जगह-जगह गड्ढे हैं,खेल भी नहीं सकते,वही आउटडोर स्टेडियम के मैदान खरपतवार के अलावा समतल नहीं है,शासन-प्रशासन लाख दावा करे कि सर्व सुविधा युक्त मैदान है, लेकिन हकीकत यह है कि खिलाड़ियों के लिए बने खेल मैदान की तरफ किसी का ध्यान नहीं है, ऐसा लगता नहीं है कि 4 वर्ष के भीतर यहां की साफ-सफाई को लेकर ध्यान दिया गया होगा, तभी तो यह स्थिति है। अब सवाल उठता है कि जिम्मेदार प्रशासन आखिर है कहां? यह जरूर है कि इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन खेलने के लिए सुविधा है,आउटडोर स्टेडियम की हालत सबसे ज्यादा खराब है, आधे से अधिक मैदान तो खेलने के लायक नहीं है, साफ सफाई की आवश्यकता है,कौन खिलाड़ी असुविधा युक्त मैदानों में खेलने जाएगा। इसके जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी एक बार स्टेडियम का मुआयना करेंगे तो हकीकत से जरूर रूबरू हो जाएंगे।

## 28 अगस्त 2022 को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ भिण्ड के द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता शिक्षक समस्या निराकरण सम्मेलन किया गया

**अरिमर्दन भदौरिया पुष्पांजलि टुडे**

**भिण्ड।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ भिंड के द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता/शिक्षक समस्या निराकरण सम्मेलन किया गय, जिसमे माननीय सहकारिता मंत्री महोदय डा अरविन्द भदोरिया जी के मुख्य आतिथ ओर भिंड



विधायक संजीव कुशवाह के विशिष्ट आतिथ्य में भिंड में शैक्षणिक गुणवत्ता/शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन कल्याण मैरिज गार्डन मानपुरा लहार रोड भिंड में किया गया।जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल के द्वारा की गई । माननीय सहकारिता मंत्री जी की अनुपस्थिति में मंत्री महोदय के प्रतिनिधि के रूप में देवेंद्र भदोरिया ददा ने भाग लिया।जिसमें जिला एवं संभाग व प्रांत में वडी संख्या में शिक्षक उपस्थित हो रहें हैं और माननीय मंत्री महोदय प्रतिनिधि एवं भिंड विधायक के समक्ष अपने संवर्ग की समस्याओं व मांगों को भी रखेंगे। प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल ने पुरानी पेंशन वहाली मांग के साथ क्रमोन्नत एवं अनुकम्पा नियुक्ति सरलीकरण की मांग की एवं मांग पूरी ना होने की स्थिति में प्रदेश व्यापी आंदोलन संगठन के द्वारा 4 सितंबर से प्रारंभ करने की मंच से घोषणा की। भिंड विधायक संजीव कुशवाह ने पुरानी पेंशन वहाली मांग का समर्थन किया।तथा मंत्री महोदय प्रतिनिधि देवेंद्र ददा द्वारा शिक्षको की समस्त मांगों को माननीय मंत्री महोदय के समक्ष समस्त मांगों को रखने और हल करवाने का आश्वासन दिया।ओर शिक्षक वर्ग के साथ पूरी सहानुभूति वताते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। आयोजन में भारी संख्या में जिला भर से वडी संख्या में संघ पदाधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे।

## सीरवी विकास मण्डल विरार का भादवी बीज महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेणचा ब्यूरो चीफ**

**मुम्बई**– विरार माँ श्री आईजी की असीम कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुम्बई के उपनगरीय क्षेत्र विरार महाराष्ट्र में सीरवी विकास मण्डल विरार का 21वॉ वार्षिक सम्मेलन एवम भादवी बीज महोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह बड़े ही श्रद्धा व भक्ति भाव उल्लासमय वातावरण में दिनांक 29/08/2022, सोमवार को सीरवी समाज बडेर प्रांगण में बड़े ही धूमधाम व धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे बड़ी संख्या में सदस्यों व स्वजातीय बन्धुओ ने सपरिवार शामिल होकर समारोह को सफल बनाया। उक्त पावन पर्व की पूर्व संध्या पर श्री आईमाताजी के सम्पूर्ण प्रांगण को रोशनी व फूलों से सजाया गया और सायंकालीन आरती के उपरांत भक्ति संध्या व बोलियों का आयोजन भी रखा गया। भजन कलाकारों द्वारा श्री आईमाताजी सहित सभी देवी देवताओं के मनोहारी भजन प्रस्तुत किये गये। श्री आईमाताजी के प्रांगण में आईभक्त श्रद्धा व आस्था का भाव संजोकर भजनों का आनन्द लेते रहे। श्री आईमाताजी के 607 वॉ जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर देशी भजनों के कलाकार भगाराम लोहार महादेव मण्डल बाली द्वारा सत्संगी मधुर वाणियो में प्रस्तुतिया दी। भजनों का कार्यक्रम देर रात तक अनवरत चलता रहा। भादवी बीज के पावन पर्व के कार्यक्रम की शुरुआत लाभार्थी परिवार द्वारा माताजी का पूजन मंगल आरती एवं गादी चढ़ाकर माँ श्री आईजी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। स्थानीय क्षेत्र के मेघावी छात्र - छात्राओं को प्रोसाहित करने हेतु सीरवी विकास मण्डल विरार संस्था द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से स्नातक स्नातकोत्तर समाज के होनहार विद्यार्थियों को शिक्षार्थ उत्साहित करने के उद्देश्य से चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बालक बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। श्री आईमाताजी के जन्मोत्सव के पावन पर्व पर समाज जनों में विशेष उत्साह छाया हुआ था। समाज के सभी भाई बन्धुओ व महिलाओं ने एक दूसरे को माताजी के जन्मदिवस की बधाईयां दी। मंचीय कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का सीरवी विकास मण्डल विरार संस्था द्वारा राजस्थानी परम्परानुसार स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर बहुजन विकास आघाडी के विधायक आदरणीय शितिजजी ठाकुर साहब पधारे। जिनका भव्य स्वागत संस्था की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी स्वजातीय बन्धुओ का सराहनीय सहयोग रहा। यह जानकारी सीरवी विकास मण्डल विरार के मीडिया प्रभारी नगाराम एस. गेहलोत बड़गाँवडा द्वारा दी गई।

## पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी में मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल स्पर्धा संपन्न



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट** पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे संचालक श्रीमती वंदना वैद्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके छात्र छात्राओं को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन चरित्र पर विस्तृत से प्रकाश डालते हुए बच्चो को कक्षा ,मंच और मैदान पर खरे उतरने के लिए प्रेरित किया गया। खेल की दुनिया में अपना परचम लहराने के लिए प्रेरणा दिया ।तत्पश्चात चारों को मैदान में उतारा गया और विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित कर उन्हे मैदान की गुर सिखाए गए। और कहा की मैदान ही खेल दुनिया में अपना परचम लहराया जाए इसमे सभी शिक्षकों की भूमिका निभाई गई।जिसमे प्रधानाध्यापक महेन्द्र सोनवाने, मोना सोनवाने काजल चौरे, संध्या चौरे, महेंद्र ऐडे,संगीता नागवंशी,रेखा घोरमारे,वैशाली पांडे,राधिका सेवतकर,निखिल सर, श्रद्धा कांड्रा,सुभद्रा कलपुरे, मरियम मैडम,आरती जैतवार ,संगीता कलपुरे , रेखा येडे,संजय चौरे प्रतिभा सोलंकी, प्रेमलता पांचे व प्रेमलता पाढे सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है ।

## 27 अगस्त 2022 को स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन का कार्यक्रम हुआ संपन्न

### डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी जी ने कार्यक्रम के सभी भागीदारियों को सहृदय धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**भिंड।** डॉक्टर प्रतिभा चतुर्वेदी महिला प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत एवम केंद्रीय कार्यकरिणी सदस्य स्वाबलंबी भारत अभियान, Core team member of SBA से प्राप्त जानकारी अनुसार 27 अगस्त 2022 को स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें अखिल भारतीय सह संगठक माननीय श्री सतीश कुमार जी, मध्य प्रदेश के संगठक श्री केशव दुबौलिया जी एवं भिंड कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ शासकीय सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान के तहत हमारे सहयोगी 12 आयाम –

1. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2. भारतीय मजदूर संघ 3. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत 4. भारतीय किसान संघ 5. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 6. सहकार भारती 7. लघु उद्योग भारती 8.



सेवा भारती 9. विश्व हिंदू परिषद 10. भारतीय जनता पार्टी 11. सामाजिक राजनैतिक संगठन वहीं डॉक्टर प्रतिभा चतुर्वेदी जी ने कहा कि इन सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हमारे शासकीय एवं प्राइवेट विद्यालय महाविद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य प्रोफेसर लेक्चरर शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं एवं कोचिंग सेंटरों से आए हुए संचालक छात्र-छात्राएं एवं स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान से जुड़े समस्त संगठन सामाजिक एवं राजनीतिक और भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी हमारे स्व सहायता समूह से जुड़ी हमारी बहने एवम जिन्होंने अपने स्वयं के उत्पादन स्टॉल लगाए व भाई एवम बहनों को एवं समस्त सामाजिक संगठनों से समस्त भाई बंधुओं को मेरे प्यारे बच्चों को एवं स्वदेशी जागरण मंच स्वाबलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक जिला सह समन्वयक जिला टोली एवं नगर टोली एवं पूर्णकालिक एवं सभी अखबारों से आए हुए पत्रकार बंधुओं को जिन्होंने अपना पूर्ण सहयोग दिया सभी को इस कार्यक्रम को अपना बहुत कीमती अमूल्य समय देकर इस कार्यक्रम को इतना गरमा मयी भव्यता प्रदान करने पर मैं आप सभी मेरे आदरणीय भाई बहनों को बहुत-बहुत बधाई वह दिल की अनंत गहराइयों से आप सभी का धन्यवाद देती हूं जो हमारी जिला टोली के बहन भाइयों के अथक प्रयासों से इतना बड़ा कार्यक्रम संपन्न हुआ मैं आप सभी को हृदय से कोटि-कोटि बार बधाई दिल की अनंत गहराइयों से आप सभी को धन्यवाद देती हूं।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितो के पास पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह



### मुख्यमंत्री घोषणा की बजाय पीड़ित लोगों को तत्काल मुआवजा राशि बांटे-डॉ.गोविन्द सिंह

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार**– मुख्यमंत्री उड़न खटोला में बैठकर बाढ़ प्रभावित लोगों की तबाही देख रहे है।यह बात नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह ने रौन जनपद क्षेत्र के अन्तर्गत लोचरा,थनुपुरा,दोहाई घुराबर मजरा,छोटा हिलगुआं आदि ग्रामो में दौरा करने के उपरांत कही।उन्होंने कहा कि पिछली साल सिंध नदी के उफान से हमारा किसान तवाही से गुजरा था दूसरी साल भी बाढ़ से कई गरीब लोग बेघर हो गए।बाढ का पानी उतरने के बाद चारों तरफ बस बर्बादी का मंजर दिख रहा है।बाढ़ पीड़ितों की समस्या घटने के बजाय और बढ़ती जा रही है।पीड़ितों परिवारों के समक्ष भोजन के साथ-साथ पशुचारा का घोर संकट उत्पन्न हो गया है।गरीब किसानो की खरीफ की बाजरा की फसल बरबाद हो चुकी है।अब साल भर किसान अपना जीवन यापन कैसे करेगा।किसानों को सरकारी राहत का इंतजार है।वहीं छोटी हिलगमा में अपनी आप बीति बताते हुए 70 वर्षीय भागीरथ कुशवाह का गला भर आया रोते हुए बोला पूरा घर उजड़ गया खाने के लिए एक दाना तक नहीं बचा।अब हमारे परिवार का भरण पोषण कैसे होगा।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मेरी मुख्यमंत्री से मांग है जल्द ही सर्बे कर पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि बांटी जाए।इसके साथ ही बेघर लोगों को घर बसाने के लिए शासकीय भूमि उपलब्ध कराई जाए।इस दौरान रौन जनपद पंचायत के विधायक प्रतिनिधि गोपाल सिंह लरोल,कांग्रेस प्रवक्ता राजा भैया पाल,लरोल सरपंच विवेक सिंह राजावत,जनपद सदस्य प्रीति शत्रुघ्न बघेल आदि लोग मौजूद रहे।



## युवा मोर्चा कार्यकर्ता हरा भरा मध्यप्रदेश अभियान को पंचायत स्तर तक सफल बनायें।

**गोरमी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गोरमी की कामकाजी बैठक नगर के मेहगांव रोड स्थित सामंत यादव के आवास पर आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया एवं विशेष अतिथि के रुप में भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ओमकार यादव किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विजय कुशवाहा भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज यादव मंडल मंत्री शिवराज यादव एवं बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अरविंद बरुआ ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद बरुआ ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और कहां पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसके लिए मुझे आप सब लोगों का सहयोग चाहिए क्योंकि किसी भी संगठन को चलाने के लिए संगठन भावना का होना बेहद आवश्यक है इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज नरवरिया ने कहा कि युवा मोर्चा द्वारा जो वृक्षारोपण का महा अभियान का कार्यक्रम अपने हाथों में लिया है इसका मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश को हरा भरा बनाना है इसलिए हम सभी युवा मोर्चा कार्यकर्ता आगामी दिनों में वृक्षारोपण महा अभियान चलाएंगे इससे पर्यावरण को प्रदूषित होने से भी बचाया जा सकता है और आगामी दिनों में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए ऑक्सीजन की शुभम उपलब्धता भी कराई जा सकती है इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा वृक्षारोपण बड़ा ही पुण्य का काम है एक वृक्ष सौ पुत्र के समान होता है अतः हम सब का फर्ज है अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा बच्चा रोपण करें जिससे हम अपने आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण प्रदूषित से बचा सके युवा मोर्चा ने बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना अपने हाथों में ली है।



## जीरो मॉडल स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

### कबड्डी व खो खो खेल स्पर्धा सहित अन्य प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन







**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**देवेंद्रनगर**–जीरो सेवा समिति द्वारा संचालित जीरो मॉडल हाईस्कूल देवेन्द्रनगर में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस विद्यालय प्राचार्य रमेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में मनाया गया। शिक्षिका प्रगिता जैन द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म आज ही के दिन हुआ था। ध्यानचंद ने भारत को ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक दिलवाया था। उनके सम्मान में 29 अगस्त को प्रत्येक साल भारत मे राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं खेल जगत में आज के दिन राष्ट्रीय खेल पुरुस्कार से सम्मानित किया जाता है। प्राचार्य रमेश अग्रवाल ने भी मेजर ध्यानचंद के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए जीवन मे खेलों के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय स्तर पर कबड्डी व खो खो खेल स्पर्धाएं हुई जिसमें कक्षा 6 वीं से लेकर 10 वीं तक के बालक बालिकाओं द्वारा कबडडी व छात्राओं द्वारा खो खो खेला गया। खो खो व कबड्डी प्रतियोगिताओं के अलावा नीबू चम्मच दौड़,दौड़,कैरम बोर्ड प्रतियोगिता भी हुई। खेल प्रतियोगिताओं का संचालन शिक्षक मुकेश पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

## गौवंशो को लम्पी रोग से बचाव व उपचार हेतू पाली भाजपा किसान मोर्चा ने दिया राज्यपाल

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान।।**

**पाली।** राजस्थान प्रदेश मे लगभग पिछले 3 महिनो से गौवंश स्किन लम्पी रोग से ग्रसित हो रहे है। इस लम्पी रोग की रोकथाम व गौवंशो के बचाव हेतू उपयुक्त कदम उठाए जाए जिसको लेकर आज भाजपा किसान मोर्चा पाली जिलाध्यक्ष दिग्विजयसिंह राठौड के नेतृत्व मे राजस्थान राज्यपाल महामहिम के नाम लिखित ज्ञापन दिया गया।

किसान मोर्चा जिला सोशल मिडिया प्रभारी कुलदीप वैष्णव भुम्बलिया ने बताया कि राजस्थान प्रदेश मे गोवंश मे काफी समय से स्किन लम्पी रोग फैला है जिसके रोकथाम के अभाव मे अधिक फेल रहा है। राजस्थान सरकार को भी आभास है इस रोग से रोजाना कई गोवंश काल कल्पित हो रहे है लेकिन कोई उचित उपाय नही कर रहे है। किसान बंधु खेती के बाद पशुधन पर ही निर्भर है लेकिन आज गौवंशो के हालात देखकर किसान भी बहुत दुखी ओर बेबस हो गये है, क्योंकि आज




हर पंचायत स्तर पर देखा जाये तो पशु चिकित्सक भी नाम मात्र के है ओर कई जगह तो पद रिक्त पड़े है, देखा जाये तो चिकित्सालय मे पर्याप्त दवाओं का स्टॉक भी नही रहता है। राजस्थान सरकार गौवंशो के बचाव के लिए कोई उपयुक्त निर्णय नही ले रही है, इसलिए राज्यपाल महामहिम को गहरी नींद मे सो रही राजस्थान सरकार को निर्देशित करने हेतू एव किसानो को हो रहे आर्थिक नुकसान से बचाव के लिए भाजपा किसान मोर्चा पाली द्वारा पाली कलेक्टर महोदय के मार्फत आज राज्यपाल महामहिम को लिखित ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के समय भाजपा संगठन जिला महामंत्री सुनिल भंडारी, जिला उपाध्यक्ष नारायण कुमावत, जिला मंत्री महावीरसिंह टेवाली, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चेनसिह रावलावास, जिला महामंत्री देदाराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष विक्रमपाल सिंह, जिला मंत्री गुलाब सांखला व अजीतसिंह गुरलाई, प्रवक्ता सुरेश देवासी, अरविंद भारती, कार्यालय सहमंत्री सोहन बोराणा, अल्पसंख्यक मोर्चा से मुन्ना मकरानी, मंडल अध्यक्ष पुखराज बंजारा, नरपत दवे, अशोक बंजारा, अनु माली, भेराराम विश्नोई, जगदीशसिह राजपुरोहित, सुधीर चौधरी, पारस माली, दुर्गाराम देवासी, पार्षद लुणसिह पुनायता, शिवराम जाट, मोहित सोलंकी, मोर्चा मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह राठौड, तरूण सिंह, रमेश परिहार, खिमसिंह भाटी, विजय परिहार, विरेन्द्रसिह नरूका, जेठूसिह धनेरी, रामचन्द्र तोसावरा, रामलाल चौहान, हुकमाराम बंजारा, सोहन सोनी, विष्णु रावल, अनाडसिह, ओगडराम देवासी, मालाराम देवासी, बन्शीलाल विश्नोई, दिपसिह भाटी, भरतसिंह सोकडा, मंगलाराम गुर्जर, बंसत सोनी, तेजाराम सांसी, विपुल दवे, हिरदास वैष्णव, रवि माली, मोहित सोनी, भेराराम पटेल, मोहन सेन, इत्यादि कार्यकर्ता थे।

## संगठित समाज का निर्माण आवश्यक है : बोम्मई

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो चीफ**



**बेंगलूरू** – सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट के 43 वें वार्षिकोत्सव का आयोजित रविवार को पैलेस ग्राउंड के प्रिसेंज श्राइन में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नाटक के मुख्यमंत्री बोम्मई ने मंडप में सजे आईमाता के दरबार के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया।बोम्मई का समाज की ओर से साफा, माला शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।इस कार्यक्रम में बोम्मई ने कहा की संगठित समाज का निर्माण आवश्यक है।समाज के पूर्वजों की रखी नींव आज वट वृक्ष के रूप में दिख रही है। प्रति वर्ष ऐसे आयोजनों से समाज की संस्कृति एवं परंपराओं का निर्वहन हो रहा है।और उन्होंने कहा की सीरवी समाज को एकजुट देखकर खुशी की अनुभूति हो रही है मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने ये बात एक शाम आईमाता के नाम रात्रि जागरण में कही । इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शोभाराम चोयल ,उपाध्यक्ष भंवरलाल चोयल, कोषाध्यक्ष सुजाराम राठौड़, सचिव नारायणलाल लचेटा ,सह-सचिव दलाराम देवड़ा, खेलमंत्री हरजीराम आगलेचा, डुगाराम, खुमराज लचेटा, सवाराम भायल आदि कार्यकारिणि सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। इससे पहले आईमाता की पुजा-अर्चना के बाद गणपति वंदना से रात्रि जागरण का शुभारंभ हुआ। भजन गायक हेमाराम एंड पार्टी ने भजनों के माध्यम से आईमाता की महिमा का बखान किया ।भजनों पर भावविभोर होकर नृत्य किया । कार्यक्रम में भाजपा नेता संजय शुक्ला जिला परिषद सदस्य पूनाराम भायल महासभा अध्यक्ष विरमराम सोलंकी उपाध्यक्ष फाउलाल परिहारिया, संत रामप्रकाश, संत पुखराज आदि मौजूद रहे। मंच संचालन सचिव नारायणलाल लचेटा ने किया

# खेलों के विकास के लिए निगम हमेशा रहेगा तत्पर: महापौर डॉ शोभा सिकरवार

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन



ग्वालियर। कोई भी खेल हो एक जीतता है तो दूसरा हारता है। हार से हमें निराश नहीं होना चाहिए और मेहनत कर जीत की राह पर आगे बढना चाहिए। खेल हमारे लिए बहुत ही जरुरी है, खेलों से हमारे शरीर को स्फूर्ती मिलती है और हमारा शरीर स्वस्थ व दिमाग तेज होता है। उक्ताश के विचार महापौर डॉ श्रीमती शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने आज नगर निगम ग्वालियर द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तरण पुष्कर में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान करते हुए व्यक्त किए।

नगर निगम ग्वालियर द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती रश्मि पवार शर्मा, पार्षदगण श्रीमती चांदनी जंगबहादुर सिंह, श्रीमती अनीता मुकेश धाकड, श्रीमती अनीता रत्नाकर, श्रीमती रेखा त्रिपाठी, श्रीमती रेखा चंदन राय, श्रीमती किरन शर्मा, श्री सकील खान मंसूरी, श्री ब्रजेश श्रीवास, श्रीमती प्रेमलता जैन, श्री योगेन्द्र यादव, श्री प्रमोद खरे, श्रीमती संध्या सोनू कुशवाह, श्रीमती अंजना हरीबाबू शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर अतिथियों का स्वागत उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चैहान, जिला खेल तैराकी संघ के सचिव श्री राजेन्द्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष श्री सचिन पाल ने किया।

इस अवसर पर महापौर डॉ शोभा सिकरवार ने कहा कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा हमेशा से ही खेलों को बढ़ावा दिया गया है, मेरा यही प्रयास रहेगा कि ग्वालियर के खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं मिलें और वह अपने खेल से देश व दुनिया में अपने शहर का नाम रोशन कर सकें। खेलों के विकास के लिए नगर निगम हमेशा तत्पर रहेगा।

जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में लगभग 200 विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक नोडल अधिकारी खेल सुश्री विजेता सिंह चैहान एवं अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार प्रदर्शन सहायक खेल अधिकारी श्री अयोध्याशरण शर्मा ने किया।

#### यह प्रतिभागी रहे विजेता

तैराकी प्रतियोगिता में बैक स्ट्रोक अन्डर -14 बॉयज में प्रथम शौर्या तिवारी, द्वितीय हंसिद कोठारी एवं तृतीय स्थान पर प्रियांश अग्रवाल रहे। बैक स्ट्रोक अन्डर -17 गर्ल्स में प्रथम टीना माहौर, द्वितीय अतुल्या एवं तृतीय स्थान पर प्रज्ञा जैन रहीं। बटर फलाई अन्डर -14 गर्ल्स में प्रथम आध्या अग्रवाल, द्वितीय कनुप्रिया एवं तृतीय स्थान पर हिमांशी अग्रवाल रहे। बटर फलाई अन्डर -17 बॉयज में प्रथम आर्यन शर्मा, द्वितीय धर्मेन्द्र सिंह एवं तृतीय स्थान पर शौर्य शुक्ला रहे। ब्रेस्ट स्ट्रोक अन्डर -17 बॉयज में प्रथम सक्षम तोमर, द्वितीय शौर्य शुक्ला एवं तृतीय स्थान पर अमोघ भार्गव रहे। इसके साथ ही 50 मीटर फ्री स्टाइल डिसेबल्ड गर्ल्स में प्रथम सोनम तोमर, द्वितीय संगीता राजपूत एवं तृतीय स्थान पर पूजा कुशवाह रहीं। इसके साथ ही अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई।

# सिनेमा ऐसा माध्यम जिसमें सर्व कलाओं का समावेश

### उद्भव ग्वालियर अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव का तीसरा दिन

### सिनेमा,रंगमंच और साहित्य के अंतर्संबंधों पर हुई खास चर्चा




ग्वालियर । उद्भव सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान, अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं सेंट्रल अकेडमी स्कूल के तत्वावधान में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (आईआईटीटीएम) संस्थान में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव के तीसरे दिन दो सत्र हुए। प्रथम सत्र में रंगमंच, चित्रपट और साहित्य के अंतर्संबंध एवं दूसरे सत्र में लोक साहित्य यात्रा, साहित्य और समाज विषय पर विमर्श हुआं। जहां देश के जाने-माने फिल्मकार, गीतकार पियूष मिश्रा, साहित्यकार डॉ'. नंद किशोर पाण्डेय एवं पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह सहित अनेक विद्वानों ने महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही अतीत की यादों से लेकर वर्तमान की स्थिति और भविष्य की संभावनाओं को टटोला। दोनों सत्रों में जो विचार उभर कर सामने आए वह समाज और साहित्य के साथ ही सिनेमा के लिए कई मायने रखने वाले हैं। सत्र संचालन बृज किशोर दीक्षित एवं प्रो. वंदना कुशवाह ने किया।

#### प्रथम सत्र: रंगमंच, चित्रपट और साहित्य

नाटक, सिनेमा और साहित्य तीनों अलग-अलग विद्या हैं मुझे यह कहते हुए कोई परहेज नहीं है कि इन तीनों का आपस में कोई अंतर्संबंध है। तीनों को अलग-अलग ही रखा जाना चाहिए। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हम नाटक लिखना तो चाहते हैं लेकिन इसके लेखन के लिए गंभीर कोंशिश नहीं करते हैं। यह बात सत्य है कि सिनेमा में साहित्य सदैव दिखता है लेकिन अब फिल्म उद्योग पैसों से चलता है। सिर्फ और सिर्फ पैसा बोलता है भूखे पेट अब इंकलाब नहीं किया जा सकता। साहित्य अभी पुरातन संस्कृति पर चल रहा है जबकि सिनेमा समय के साथ वास्तविक घटनाओं पर आधारित हो गया है ऐसी स्थिति में साहित्य और सिनेमा की पटकथा में जमीन-आसमान का अंतर देखने को मिलता है।

**- पियूष मिश्रा, गीतकार, फिल्मकार, अभिनेता**

सिनेमा और नाटक सदैव साहित्य के साथ चले। लेखकों ने चित्रपटों के अनुरूप पटकथाएं लिखीं। सिनेमा के प्रयोजन में व्यावसायिकता का प्रभाव हो गया है। इसके चलते जो साहित्य का भाव भावनाओं को व्यक्त करता था लेंकिन व्यावसायिकता के कारण आज उपन्यास या पटकथा की मूल कहानी की आत्मा को मारा जा रहा है। बावजूद इसके सिनेमा में साहित्य या अभिव्यक्ति का समावेश किया जा रहा है। आसपास की भौगोलिक एवं सामाजिक स्थिति को प्रतिबिंबित किया जा रहा है। लेकिन सवाल उठता है कि साहित्य का दामन सिनेमा ने क्यों छोड़ा? तो जबाव मिलता है कि सिनेमा का साहित्य अब नये रूप में गढ़ा जा रहा है, जो हम जीवन जीते हैं या जी रहे हैं उसे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**- अभिराम भडमकर, फिल्मकार**

फिल्म जगत समाज का एक बिंब दिखाता है- जिसमें एक माँ है और उसके दो पुत्र हैं। एक के पास धन-दौलत और शोहरत है, दूसरे के पास सिद्धांत हैं लेकिन उसके पास माँ है। फिल्म जगत एक ऐसा माध्यम है, जिसमें सर्वकलाओं का समावेश होता है। यही रंगमंच में होता है बावजूद इसके रंगमंच फिल्म उद्योग से पीछे रह जाता है। कारण उद्योग में पूंजी का निवेश होता है। पूंजी निवेश करने वाला अपनी मनमर्जी के मुताबिक सिनेमा का निर्माण कराता है। एक विरला निर्देशक इन सबके बावजूद कला के संरक्षण को महत्व देता है और सिनेमा व रंगमंच के अंतर्संबंधों को कायम रखता है।

**- डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष**

नाटक सदैव समाज को सकारात्मक संदेश देता है। इसके जरिए हम विभिन्न विषयों पर संदेश देकर लोगों को जागरूक करते हैं। रंगमंच, नाटक लेखन में एक तीखापन होना आवश्यक है। कचरा राक्षस नाटक की पटकथा समाज को स्वच्छता के प्रति संदेश देने में कामयाब रही। जो बड़ों को बताती है कि हमें क्या करना है? अपने भविष्य को कैसे सुरक्षित रखना है तो बच्चों को प्रेरणात्मक सीख देती है। लोगों की गॉधी की अवरधारणा के मूल को समझाती है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि रंगमंच के लिए वक्त के हिसाब से नई कथा का सृजन हो।

**- डॉ. आलोक शर्मा, डायरेक्टर आईआईटीटीएम**

हिंदी के साहित्य की पूरी दुनिया में धूम है। लेकिन इतने बड़े-बड़े लेखक फिल्म उद्योग में सफल क्यों नहीं हैं? इसमें अनेक तरह के मत हैं। अधिकांश साहित्यकारों का मानना है कि साहित्य को छपना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मैक छुपाने का नया तरीका

**पानी की बोतल में 5 लाख रुपए की स्मैक छुपाकर ऊपर से भर दी कोल्डड्रिंक**

ग्वालियर । ग्वालियर में पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए नए-नए तरीके खोज रही है तो बदमाश भी पीछे नहीं है। बदमाश भी बचने और स्मैक, गांजा छुपाने के नए-नए तरीके इजात कर रहे हैं। रविवार को पुलिस ने एक शातिर स्मैक तस्कर को पकड़ा है। पहले तो पुलिस भी चकरा गई कि मुखबिर की सूचना कैसे गलत निकल गई। तलाशी लेने के बाद स्मैक नहीं मिली फिर पुलिस की नजर तस्कर के पास पानी की बोतल पर गई। उसमें पुलिस ने गौर से देखा तो एक पॉलीथिन की पुड़िया अंदर पड़ी थी और ऊपर से कोल्डड्रिंक भरी थी। पुलिस ने तब बोतल खाली की तो पुड़िया मिली जिसमें 50 ग्राम स्मैक थी। जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। हालांकि कागजी कार्रवाई में पुलिस ने जेब से स्मैक मिलने की पुष्टि की है।

**यह है पूरा मामला**

रविवार को मुरार थाना प्रभारी शैलेन्द्र भार्गव को सूचना मिली थी कि मुरार के रू। चौराहा पर एक स्मैक तस्कर आया है। जो स्मैक की बड़ी खैप लेकर निकल रहा है और जल्दी नहीं पकड़ा गया तो वह यह माल सप्लाई कर देगा। इसके बाद मुरार पुलिस न तत्काल अफसरों को लेकर क्राइम ब्रांच के साथ स्मैक तस्कर की घेराबंदी शुरू की। पुलिसकर्मी चेकिंग कर रहे थे कि तभी एक बिना नंबर की काले रंग बाइक आती दिखाई दी। पुलिस को देखते ही बाइक सवार ने बाइक रोकी और छोड़कर भागने लगा। इसी बीच चेकिंग कर रही क्राइम ब्रांच की प्रधान आरक्षक अर्चना कंषाना की नजर उस पर पड़ी तो भाग रहे युवक का पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस को पीछे देखकर युवक संकरी गलियों में घुस गया, जिससे पुलिस वाहनों से उसका पीछा ना कर सके। युवक को भागते देखकर थाने से अन्य जवानों को घेराबंदी के लिए बुलाया तो जवानों ने चारों तरफ से उसे घेरकर पकड़ लिया।

### तीन बार तलाशी में नहीं मिली स्मैक, बाद में बोतल से मिली

पुलिस ने पकड़े गए स्मैक तस्कर संतोष कालिया से पूछताछ की तो वह भागने का कारण नहीं बता सका। इसके बाद उसकी तलाशी ली, लेकिन कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला जबकि इससे पूर्व भी वह 80 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया था। पुलिसकर्मियों को उस पर शंका हुई। इसके बाद फिर तलाशी ली, लेकिन फिर भी पुलिस खाली हाथ रही, जबकि पुलिसकर्मियों का मानना था कि उसके भागने के पीछे कोई कारण रहा होगा। जब तीन बार तलाशी में कुछ हाथ नहीं आया तो पुलिस की नजर आरोपी के हाथ में पानी की बोतल पर गई, क्योंकि पानी की बोतल पर कपड़ा लिपटा हुआ था। जब कपड़ा हटाकर चेक किया तो बोतल के अंदर एक थैली रखी हुई मिली। जिसमें पांच लाख रुपए कीमत की स्मैक थी। स्मैक बरामद कर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

**पुलिस का कहना**

- एएसपी राजेश डंडौतिया ने बताया कि एक स्मैक तस्कर को पकड़ा है। पकड़े गए स्मैक तस्कर से पांच लाख रुपए कीमत की स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए स्मैक तस्कर से पूछताछ की जा रही है कि वह यह स्मैक कहां से लेकर आया था और कहां ठिकाने लगाना थी।

निशुल्क मिट्टी के गणेश जी का वितरण आज

ग्वालियर ।स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के अध्यक्ष नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि लगातार पांच वर्षों से समिति द्वारा निशुल्क मिट्टी के गणेश जी का वितरण किया जाता है एवं लोगों के बीच में जन जागरण अभियान भी चलाया जाता है एवं लोगों से आग्रह किया जाता है कि अपने घर पर मिट्टी के ही गणेश जी पधारें क्योंकि पीओपी के गणेश जी पानी में घुलते नहीं है एवं उससे पर्यावरण भी दूषित होता है कल शाम को 5ः00 बजे समिति द्वारा स्वामी विवेकानंद चौराहा थाटीपुर पर निशुल्क मिट्टी के गणेश जी का वितरण किया जाएगा।

### पूर्व विधायक बृजेन्द्र तिवारी ने शोक संवेदना व्यक्त कर दी श्रृद्धांजली

**आधा दर्जन से अधिक गांवों में पहुँचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया**

भितरवार। पूर्व विधायक बृजेन्द्र तिवारी ने क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में पहुँचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दिवंगतों की आत्म शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सोमबार को शाम 5 बजे पूर्व विधायक श्री तिवारी ग्राम करोरा में किसान नेता गजेंद्र जाट के पिता जी निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निज निवास पहुँचे। जहां उन्होंने दिवंगत की तस्बीर पर पुष्प अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया।और दिवंगत की आत्म के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं इसके बाद पूर्व विधायक ने ग्राम गड़ाजर में किसान मुन्ना राठौर के निधन पर उनके घर जाकर गहरा शोक प्रकट किया। वहीं इसके बाद वे ग्राम मस्तूरा, चीनोर आदि गांवों में पहुँचे। जहां उन्होंने दिवंगतों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर किसान नेता राजेन्द्र सिंह परमार,इंद्रभान सिंह पवैया,संजीव उपाध्याय,मुकेश चौधरी,मलविंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### आर्यिकाश्री के सानिध्य में दो दिवसीय वेदी शिखर शुद्धि एवं शिखर कलश रोहण महोत्सव शुरू हुआ

ग्वालियर। श्रद्धा, आस्था और विश्ववास का भव्य मंदिर ऊर्जा का संचालन कर रहा है। धर्म से ही पुण्य का संचार होता है। प्रभु आराधना और सत्संगति द्वारा ही जीवन में सुख व शांति की अनुभूति होती है। परिणामों में विशुद्धि से ही आत्मिक सुख अर्जित होता है। हमें धर्म के सहारे जीते हुए अपने मन और आत्मा को पवित्र बनाना चाहिए।

# एएसपी क्राईम राजेश दण्डोतिया का सम्मान

### चित्रांश इंटरनेशनल वेलफेयर आर्गेनाइज़ेशन का आयोजन



ग्वालियर।

शहर में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है ।हम सभी सुरक्षित रहे इसके लिए पुलिसकर्मी पुलिस अधिकारी दिन रात एक कर देते हैं। विगत 1 वर्षों से शहर में क्राइम की कड़ी को तोड़कर शहर को क्राईम मुक्त करने का श्रेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम राजेश दंडोतिया जी को जाता है। उनके सफलतम एक बस पूर्ण करने पर आज चित्रांश इंटरनेशनल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों द्वारा उनको पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और अच्छे कार्यकाल के लिए मंगल शुभकमनाएं भी दी। इस अवसर पर चित्रांश इंटरनेशनल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव राष्ट्रीय सचिव अमन श्रीवास्तव महिला जिला अध्यक्ष आरती श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव जिला मंत्री मनीष श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापारी ने किया सुसाइड

### व्यापार में घाटा होने के चलते डिप्रेशन में था व्यापारी, जहर खाकर दी जान

ग्वालियर। ग्वालियर में एक व्यापारी ने व्यापार में घाटा होने के चलते जहर खा लिया। जहर खाते ही व्यापारी की हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ता देख उसके परिजन उसे जेएच अस्पताल में लेकर इलाज के लिए भर्ती कराया। घायल ने अस्पताल में देर रात दम तोड़ दिया। व्यापारी की मौत की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक व्यापारी के शव का पीएम कराकर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**यह है पूरा मामला :** ग्वालियर के बहोड़ापुर क्षेत्र आनंद नगर में रहने वाले 55 वर्षीय व्यापारी मुरारी लाल गोयल ने अपने घर के कमरे में जहर खा लिया। जहर खाने से व्यापारी की हालत को बिगड़ता देख व्यापारी के परिजन उसे इलाज के लिए जेएच लेकर पहुंचे, जहां देर रात इलाज के दौरान व्यापारी मुरारी लाल गोयल ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक मुरारी लाल गोयल क्कङ्कष्ट पाइप उधारी में लेकर सप्लाई का व्यापार करते थे। उसी व्यापार पर उनको कुछ घाटा हो गया था जिससे वे डिप्रेशन में चल रहे थे। मृतक व्यापारी की पत्नी और एक बेटा-बेटी है। बेटी की अभी शादी नहीं हुई है और बेटा कनाडा में स्क्क की पढ़ाई कर रहा है। वहीं व्यापारी की मौत की सूचना लगते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची। मृतक व्यापारी के शव को पीएम के लिए भेज कर मर्ग कायम कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### गंभीर हालत में परिजनों ने कराया था अस्पताल में भर्ती

जानकारी देते हुए बहोड़ापुर थाने के हेड कॉन्स्टेबल मानपाल सिंह धाकड़ ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते एक व्यापारी ने जहर खा लिया था जहां उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। व्यापारी के शव का पीएम कराकर अंतिम संस्कार के लिए उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# जीजा ने साली को मारी गोली

### साली का किसी दूसरे से बात करना जीजा को नहीं था पसंद

ग्वालियर । ग्वालियर के मुरार में एक जीजा ने बाजार जा रही साली को गोली मार दी। गोली कंधे साली के कंधे में लगी है। जीजा को साली का किसी दूसरे से बात करना बिल्कुल पसंद नहीं था। गोली मारने के बाद जीजा फरार हो गया है। घायल साली को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया है। सरेराह गोली चलने से बाजार में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मुरार थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल के बयान लेने के बाद हमलावर जीजा पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल हमलावर फरार है।

**यह है पूरा मामला**

मुरार गुलाबपुरी खुरैरी निवासी नेहा उर्फ नंदिनी जाटव(24)को गोली लगी है। नंदिनी ने बताया कि वह साइकिल खरीदने के लिए बाजार आई हुई थी। वह बैजल कोठी के पास एमपी ऑनलाइन की दुकान पर बैठी हुई थी। तभी उसका जीजा सुरेन्द्र बाइक से अपने एक अन्य साथी के साथ वहां पहुंचा। उसने कट्टा निकाला और गोली चला दी। गोली नेहा के बांए कंधे पर जाकर लगी। उसके खून निकलने लगा। तभी बदमाश हवा मे कट्टा लहराते हुए मौके से भाग गए। कुछ लोग तो गोली चलने के बाद वहां से भाग गए। कुछ ने नेहा को संभाला। पुलिस को गोली की खबर मिली तो टीआई शैलेन्द्र भार्गव मौके पर पहुंचे। उन्होने हमलावरों को तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला।

### जीजा चाहता था साली सिर्फ उसी से बात करें

पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला कि जीजा का साली से पहले लगाव रहा है। वह चाहता था कि नेहा किसी और से बात नहीं करे। नेहा किसी और से बात करती थी तो उसे शक होता। इस बात को लेकर पहले भी उनके घर में झगड़े होते रहे हैं इसको लेकर पहले भी झगड़े हुए थे। रविवार को भी जब जीजा ने साली को किसी और से बात करते देखा तो उससे रहा नहीं गया और वह आग बबूला हो गया।सुरेन्द्र पूरी योजना बनाकर आया था। जिस दुकान पर नेहा बैठी थी उसी दुकान पर एक लडके को सुरेन्द्र ने फोन करके धमकाया। इसके कुछ देर बाद वह उसी दुकान पर आ पहुंचा। फिर उसने कट्टे से गोली चला दी।

# जीवाजी विश्वविद्यालय में खेल दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित



ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला द्वारा विवि के गालव सभागार में आज सोमवार को राष्ट्रीय गौरव मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रसाद जी महानकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता ओलंपियन विजय सिंह चौहान,दीपक सचेती, गिरीश जैसवाल,कुलसचिव सुशील मंडेरिया,कार्यपरिषद सदस्य प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मंच पर पहुंचने के पश्चात द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तत्पश्चात सरस्वती वंदना कर वंदेमातरम का गायन किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी विजय सिंह चौहान,अंकित शर्मा,श्याम सिंह गुर्जर,कुसुम चटवाल,रीना खोखर,अनुराग ठाकुर,चांदनी श्रीवास्तव, सुमित रिछारिया, मनीष कुमार, रूपसिंह सहित स्पोर्ट्स कोच एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि प्रसाद जी महानकर ने कहा कि आज ऐसे खिलाड़ी का जन्मदिन है जिसने देश का परचम पूरे विश्व में फहराया, व्यक्तिगत साधनों को छोड़कर देश का नाम रोशन किया।खेल में शिक्षा होती है और शिक्षा में संस्कार होते है।उन्होंने कहा कि खेलेगा भारत तभी तो खिलेगा भारत।खिलाड़ी का लक्ष्य होना चाहिए कि मैं देश के लिए खेलूंगा तभी सार्थक होगा ध्यानचंद जी ने यही सोचा था।

विशिष्ट अतिथि विजय सिंह चौहान ने कहा कि ध्यानचंद जो भी बोलते थे सच बोलते थे।स्पोर्ट्स को बरीयता दी जाए यदि स्पोर्ट्स स्वस्थ नहीं होगा तो नागरिक स्वस्थ नहीं होगा।

जीवाजी विवि के कुलपति अविनाश तिवारी ने कहा कि विवि में वर्तमान में खेल को लेकर काफी कार्य किए जा रहे है जिससे विवि के कई छात्र अवॉर्ड लेकर भी आ रहे है।उन्होंने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ होता है और शरीर स्वस्थ हो तो व्यक्ति लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकता है।स्वस्थ वायु है तो स्वस्थ आयु है ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478